CMYK

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 24 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 192 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौनः राहुल गांधी

पेज 2




हरमन प्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज

खेल टाइम्स



प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई

सम्पादकीय




बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

पेज़ 12

## लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोकसभा व राज्यसभा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थापित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठीसीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुन:समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। वहीं बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

## श्रावण शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** हरिद्वार में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की ससुराल में जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिवालयों में जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों ने अपने-अपने स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाया। इसी के साथ श्रावण मेला बुधवार को संपन्न हो गया।

## मोदी ब्रिटेन, मालदीव की 4 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

# टॉयलेट में बैठे-बैठे ही हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हुआ था शख्स

## गुजरात हाईकोर्ट ने लिया एक्शन- 15 दिन समाजसेवा करने का दिया आदेश

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात** के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस. देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।



एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगा चुका है कोर्ट

इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाईकोर्ट ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिये किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान वह टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।

# SC Order: महिला IPS को पति व ससुरालियों से मांगनी होगी माफी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- वैवाहिक विवाद में झूठे केस कराए थे दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें, सभी मामलों को भी रद्द किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला आईपीएस अफसर को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा। साथ ही माफीनामा 3 दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करना होगा। कोर्ट ने 2018 से अलग रह रहे इस जोड़े के तलाक की अर्जी भी मंजूर कर ली और बेटी की कस्टडी मां (महिला आईपीएस अधिकारी) को सौंप दी। महिला का पूर्व पति और परिवार के सदस्य बेटी से मिल सकेंगे।

# भारत ने पाक को लताड़ा

## यूएन में कहा: आतंकवाद में आकंठ डूबा पाक

न्यूयॉर्क, वार्ता

- सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने के लिए कड़ी आलोचना की




**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं। श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है, जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है, उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्चस्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की।

## जस्टिस वर्मा केस से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूंकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

# दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूलों में घुटनों तक भरा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।



गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में बुधवार दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई थी।

## सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

## लगातार बढ़ रहा है अहमदाबाद प्लेन क्रैश की नई परतें खुलने का सिलसिला

# गलत शव भेज दिए ब्रिटेन, डीएनए से मिलान नहीं

अहमदाबाद, वार्ता

**ब्रिटेन में अहमदाबाद** प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।

### टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में लगी आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।

NAAC A | UGC 12B Status Granted | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology

PRIORITY ADMISSION NOTICE
FOR CUET (UG/PG) CANDIDATES

Admission Notice 2025-26

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology ○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology ○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
BCA 30th Batch | AICTE Approved
○ AI & Machine Learning ○ Cyber Security ○ Internet of Things ○ Data Science ○ General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
○ Cloud Computing ○ Data Sc.& Machine Learning ○ Full Stack Development ○ Internet of Things ○ Network & Info Security
LAW 12th Batch | BCI Approved
○ BA LLB ○ BBA LLB (Hons) ○ B.Com. LLB (Hons) ○ LLB ○ LLM (2 Yrs.) ○ LLM (1 Yr.)
BA (Hons)
○ Psychology ○ Government & Administration
B.Com. (Hons) |
M.Com.
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
PG Diploma - 1 Yr.
○ Counseling Psychology ○ Yoga
BBA 30th Batch | AICTE Approved
○ Digital Marketing ○ Banking, Finance & Insurance ○ Global Business & Management ○ General
MBA Plus | 31st Batch | AICTE Approved
○ Digital Business & AI ○ Marketing & E-commerce ○ Fintech, Banking & Insurance ○ People Mgmt & HR Analytics ○ Global Trade & Logistics Mgmt ○ Agri-business & Rural Entrepreneurship ○ Pharmaceutical & Healthcare Mgmt
B.Sc. (Hons)
○ Agriculture ○ Biotechnology ○ Microbiology ○ Biomedical Sciences ○ Nutrition & Dietetics
M.Sc.
○ Artificial Intelligence ○ Bio-informatics ○ Biomedical Sciences ○ Biotechnology ○ Clinical Research ○ Cyber Security ○ Data Science ○ Food Science & Tech ○ Mathematics ○ Medical Physics ○ Microbiology

The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

OUR RANKINGS
3 Amongst India's Distinguished Law Schools — The CSR Law School Survey 2025
6 Amongst Top Organisations (SIRO) for filing highest number of Patents in 2023-24
24 Amongst Top Technical Universities of India — India Today University Ranking Survey 2024
25 Amongst Top Engineering Institutions of India — Times Engineering Institute Ranking Survey 2025
28 Amongst TOP B-School of India — Times B-School Survey 2025

Generous Scholarships Available for CUET (UG/PG) Candidates

Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management.
PHILIPS | LinkedIn | Google | IBM | Microsoft | SYNTEL | intel | Apple | SAP | facebook | SAMSUNG | SIEMENS | ORACLE | standard chartered | ICICI Bank | Johnson & Johnson | KPMG | Goldman Sachs

THE UNIVERSITY OF TOLEDO — Joint Degree Option
Master of Business Administration (MBA)
Master of Applied Business Analytics (MABA)

Programs Offered in Distance Mode: BBA | MBA | B.Com | M.Com — www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode: BBA | MBA | BCA | MCA — www.shobhit.online

India's first RRTS (RapidX) connects directly to Shobhit University Campus in just 55 minutes from Delhi.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Ph-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500
SCAN TO APPLY

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 16 साइबर ठग गिरफ्तार, एक करोड़ बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुंडबा पुलिस ने सोशल मीडिया पर पॉप मैसेज भेज कर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 16 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक करोड़ सात लाख रुपए बरामद किए। पुलिस आयुक्त अमित सिंह सेंगर ने बताया कि अब तक साइबर फॅड को लेकर लखनऊ में किए गए बड़े कार्रवाई में से यह एक है। उन्होंने बताया कि गुडंबा पुलिस को सूचना मिली थी कि सृष्टि डिपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। गिरोह के सरगना समेत 16 लोग गिरफ्तार किए गए है। इन लोगों के पास से लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपए बरामद किए गए है।

### आजाद, तिलक को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दो महान स्वतंत्रता सेनानियों, चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस, दृढ़ विश्वास और देश के स्वतंत्रता संग्राम पर उनके अमिट प्रभाव की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य तिलक की विरासत देश की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### योगी ने की लोक मंगल की कामना

**गोरखपुर।** पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा आस्था व ग्रामीण पर्यटन का केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पर्यटन विभाग से 19.50 करोड़ की स्वीकृति दी गई: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले मे स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदईकरण होगा, बल्कि आधु. निक पर्यटक सुविधाएं भी विक. सित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। उन्होंने बताया कि गघ्मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेजर शो, वेंडिंग जोन, फूड प्लाजा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है।

इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर और पंचायत मंदिर (बड़ा बाजार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है।

### गाजियाबाद में डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय के संचालन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संच. ालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन्-2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित समूह द्वारा गाजियाबाद में स्थापित होने वाला यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय पर सुनवाई जारी

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी है।

मुख्य न्यायधीश अरुण भंसाली और न्यायधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष बुधवार को विशेष अपीलों पर राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिवक्ताओं की बहस चल रही है। इससे पहले याचियों के अधिवक्ता बहस कर चुके हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को नियत की है। पहली विशेष अपील 5 बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस कर रहे हैं।

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है।

# संविदा कर्मियों को समय से वेतन दिया जाए: आशीष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन के बीच पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने संविदाकर्मियों को समय से वेतन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहीं से इस बाबत कोई शिकायत मिलती है, तो फिर रेगुलर कार्मिकों का वेतन रोक दिया जाएगा। वहीं अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने बताया कि डिस्कॉम स्तर पर इसकी रेग्यूलर मॉनीटरिग करने को कहा गया है। जिससे संविदा कर्मियों आदि को समय से वेतन मिले। अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई का वेतन रेग्यूलर कर्मियों को तभी मिलेगी, जब संविदा कर्मिको को मिल जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि संविदाकर्मी या मीटर रीडर अल्पवेतन भोगी हैं। लाइन मैन कड़ी मेहनत करता है इन सब लोगों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

गर्मी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदम के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि आपूर्ति सामान्य रहे और सभी क्षेत्रों को प्रर्याप्त विद्युत मिले इसके लिए सभी अधिक. ारी अत्यधिक सजगता बरतने को कहा गया है। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान और आपूर्ति के बारे में सही जानकारी देने को कहा गया है। कृषि फीडर और रूरल फीडर पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

### मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है, जिसमें मंत्री को पद से हटाने की मांग गई है। नेता ने अपनी याचिका में कहा है कि मंत्री शाह का आचरण संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन करता है। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने मंत्री के खिलाफ क्वो-वारंटो रिट जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें मंत्री पद से हटाया जा सके। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में कहा है कि डा. अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में आयोजित एक समारोह के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

## युद्धविराम पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ ट्रम्प ने 25 बार दावा किया, पीएम मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया।

गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के तरीके पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम कराने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। फिर भी मोदी ने एक बार भी जवाब नहीं दिया।

यह सच्चाई है और आप इससे भाग नहीं सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। दूसरी तरफ वह जीत का जश्न मना रही है और इस बीच ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम करवाया है। जाहिर है, कुछ तो गड़बड़ है।

### हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे: गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। गांधी ने संसद परिसर में कहा कि हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे है, यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। नेता विपक्ष ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। हमने कर्नाटक में अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है।



**सेंसेक्स** 82726.64
**निफ्टी** 25219.90



**सोना रु.** 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115500
प्रति किलो



# अमेरिका-जापान समझौते से बाजार में लौटी तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और जापान के बीच हुए व्यापार समझौते से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का सेंसेक्स 539.83 अंक की मजबूती के साथ 82,726.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 159 अंक की बढ़त में 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका-जापान के बीच आयात शुल्क और निवेश संबंधी व्यापार समझौते के बाद आज एशियाई और यूरोपीय बाजार हरे निशान में रहे। जापान का निक्केई 3.51 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.62 प्रतिशत मजबूत हुआ।हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट लगभग सपाट रहा। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई और जर्मनी का डैक्स क्रमश: 0.54 फीसदी और 0.84 फीसदी ऊपर बने हुए थे। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका शेयर बाजारों में भी लिवाली देखी गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। पहले उन्होंने 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। मंगलवार को हुए समझौते के तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ रूपक डे ने बताया कि अमे. रिका-जापान समझौते से निवेशकों की धारणा सकारात्मक बनी हुई है और अल्पावधि में ऐसा ही बना रहेगा। निफ्टी ऊपर 25,500 अंक तक जा सकता, जबकि नीचे 24,900 अंक पर इसे समर्थन मिलेगा। सकारात्मक वैश्विक रुझानों से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 265 अंक चढ़कर 82,451.87 अंक पर खुला और पूरे दिन मजबूत बना रहा। इसका दिन का निचला स्तर 82,279.73 अंक और उच्चतम स्तर 82,786.43 अंक रहा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 फीसदी की तेजी रही। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.19 फीसदी टूट गया। निफ्टी-50 की शुरुआत 78.45 अंक की तेजी में 25,139.35 अंक से हुई। यह नीचे 25,085.50 अंक और ऊपर 25,233.50 अंक को छुने के बाद अंत में 0.63 फीसदी की तेजी में बंद हुआ।

### सोना 1,00,502 प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम बुधवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 बढ़कर 1,00,502 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 बढ़कर 1,15,500 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 102,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 रही।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, तेलों में रही तेजी

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू जिंस बाजारों में बुधवार को गेहूं में नरमी रही जबकि चावल के दाम बढ़ गए। खाद्य तेलों में भी तेजी का रुख रहा। दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया, जबकि गुड़ और चीनी के भाव टूट गए। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 17 रुपए बढ़कर 3,820.07 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं पांच रुपए टूटकर 2,817.06 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,274.03 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल औसतन 38 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरसों तेल 61 रुपए और सोया तेल करीब 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के दाम में 66 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती दर्ज की गई। सूरजमुखी तेल करीब 67 रुपए और पाम ऑयल लगभग 68 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में मसूर दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। चना दाल 24 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव करीब 17 रुपए घट गया। उड़द दाल में करीब 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। दाल मूंग में लगभग दो रुपए की मामूली तेजी रही। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब चार रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई है। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7862.15, मसूर काली 8057.45, मूंग दाल 10126.14, उड़द दाल 10487.46, अरहर दाल 10996.74 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2817.06 रुपए और चावल 3820.07 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4266.89 और गुड़ 4892.63 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17183.97 रुपए, मूंगफली तेल 17826.95 रुपए, सूरजमुखी तेल 15266.61 रुपए, सोया रिफाइंड 13764.98 रुपए, पाम ऑयल 122237.96 रुपए और वनस्पति तेल 14473.13 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# यूपी के ढाई लाख घरों में बायोगैस यूनिटें लगाएगी सरकार

लखनऊ, वार्ता

■ रसोई का खर्च घटेगा पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा

उत्तर प्रदेश में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की रसोई का खर्च घटेगा, बल्कि जैविक खाद उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि योजना के पहले चरण को लागू करने के लिए अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा जिलों का चयन किया गया है। इन चारों जिलों में कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें स्थापित की जाएंगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इन जिलों में सफलता के बाद अगले चार वर्षों में इसे लगभग 2-5 लाख घरों तक विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रत्एक बायोगैस संयंत्र की कुल लागत 39,300 रुपए है। प्रक्रिया के अंतर्गत बायोगैस यूनिट की स्थापना के लिए किसानों को केवल 3,990 रुपए ही अंशदान देना होगा। इस योजना को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार यह पहल ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### रुपए में गिरावट जारी, 3.25 पैसे टूटा

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मुद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार छठे कारोबार दिवस पर कमजोर हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुसंधान विश्लेषक रिया सिंह ने बताया कि रुपया 86.50 रुपए प्रति डॉलर की तरफ बढ़ रहा है जो चार सप्ताह का निचला स्तर है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में हो रही देरी से बाजार में निवेशक आशंकित हैं। विशेषकर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद उनकी चिंता और बढ़ गई है जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। रुपया आज 8.50 पैसे की गिरावट में 86.4650 रुपए प्रति डॉलर पर खुला।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ए शासन का हिस्सा बन रही हैं।ह उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुक. ूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत[ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया[ पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बारिश व जलभराव में भी नहीं थमे शिव भक्तों के कदम











मुजफ्फरनगर: महाशिवरात्रि पर्व पर शिवचौक पर महाआरती करते राज्यमंत्री, डीएम, एसएसपी।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने भाजपाईयों संग शुकतीर्थ से उठाई कांवड

**मोरना।** शिवरात्रि के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भाजपाईयों संग शुकतीर्थ गंगा घाट से गंगाजल लेकर काँवड रूप मे क्षेत्र के प्राचीन सिद्धपीठ नीलकंठ महादेव मंदिर मे जलाभिषेक किया। पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ गंगा घाट पर बुधवार को शिवभक्तों ने गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर प्रस्थान किया वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने मां गंगा की पूजा कर पवित्र गंगा जल को पात्र मे बहकर क्षेत्र के प्राचीन नील कंठ महादेव मंदिर मे जाकर भगवान शिव शंकर व नंदी महाराज का जलाभिषेक किया।वहीं बड़ी संख्या मे आस पास के गाँवो से आये श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जय जयकार के साथ



भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक किया। डॉ. निर्वाल ने कहा की किसी कारण क्षेत्र के प्राचीन सिद्धपीठ नीलकंठ महादेव मंदिर का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। शुकतीर्थ के विकास के साथ साथ नीलकंठ महादेव मंदिर का विकास भी कराया जायेगा। वहीं जनपद मे काँवड यात्रा के सफल रूप से सम्पन्न होने पर प्रशासन व जन सेवकों का आभार जताया है। इस अवसर पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुणपाल, संजय कौरी, अजय कृष्ण शास्त्री,महिपाल राठी, प्रदीप निर्वाल,प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी, राजकुमार प्रधान, कृष्णपाल आदि रहे।

## हर-हर महादेव के जयघोष के साथ किया जलाभिषेक

### शिवरात्रि पर शिवचौक पर हुई महाआरती, जलाभिषेक करने को शहर व देहात के मंदिरों में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सावन मास की शिवरात्रि पर भक्ति और आस्था की अदभुत छटा देखने को मिली। सवेरे हुई बारिश और जगह-जगह हुए जलभराव के बावजूद भी श्रद्धालुओं की कतारें शिवालियों के बाहर लगी रही। रात्रि में नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर हजारों शिवभक्तों के साथ डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, समाजसेवी भीम कंसल, शिवमूर्ति संचालक मण्डल के प्रबंधक शंकर स्वरूप बंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल आदि ने भगवान आशुतोष की आरती वंदना की। इस दौरान शिवचौक की छठा देखते ही बनती थी और पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया।

शिव मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, बोल बम और शहर हर महादेव के जयघोषों से पूरा जनपद शिवमय हो उठा। कांवड़ यात्रा में शामिल डाक कांवड़िए बारिश की परवाह किए बिना गंगाजल लेकर शिवधाम की ओर दौड़ते नजर आए। वहीं, पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

शहर के शिवचौक पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं हर हर महादेव के जयकारों के साथ शिवभक्तों ने जल चढ़ाया। शिव चौक के पुजारी आचार्य हरीश भारद्वाज ने बताया कि शिव भक्त सुबह चार बजे जल अर्पित कर अपने गंतव्य की और रवाना हुए। अन्य श्रद्धालु भी सुबह चार बजे से लंबी कतार में लगे रहे। बारिश होने से बुधवार को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन जगह जगह जलभराव से आवाजाही में दिक्कत हुई। बारिश के कारण नगर की प्रमुख सड़कों पर कई फुट पानी भर गया, जिससे कांवड़ियों की बाइकें बंद हो गईं। कई कांवड़ियों ने अपनी मोटरसाइकिलों को धक्का देकर बाहर निकाला और सीधी खड़ी करके पानी निकालने की कोशिश की। सावन की शिवरात्रि पर सभी शिवालयों में शिवभक्त कांवड़ियों और महिलाओं, पुरुषों तथा बच्चों ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। दूध, दही, घी, शक्कर, शहर, बेलपत्र, फल, फूल, भांग, धतूरा, दूबड़ा अपराजिता के फूल शिवलिंग चढ़ाकर पूजा अर्चना की। शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर भगवान आशुतोष को जलाभिषेक करने साथ-साथ महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ जुट गयी और लंबी कतार में लगे भक्तों ने बारी बारी से भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। दिन निकलने तक शिव चौक पर हजारों की भीड़ जुट गई। पुलिसकर्मियों ने व्यवस्था बनाकर भक्तों से जलाभिषेक कराया।

यहां पर बारिश के कारण भक्त डिगे नहीं और कतार में ही खड़े नजर आये।अंसारी रोड स्थित बोहरो वाला मंदिर में भी सुबह पांच बजे से ही भक्तों का तांता लग गया और 450 साल पुराने बोहरो वाले प्रसिद्ध मंदिर में स्थापित 11 शिवलिंगों पर श्रद्धालुओं ने गंगाजल से जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की। शहर के गांधी कालोनी स्थित अनन्तेश्वर महादेव मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुजनों की लंबी कतार लगी रही। इस बार कांवड यात्रा पूरी तरह से व्यवस्थित सम्पन्न हुई। इसके लिए डीएम, एसएसपी और पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सहयोग देने के लिए समस्त जनपदवासियों का आभार जताया। बाद में शिवचौक पर हरियाणा के कलाकारों ने भगवान शिव को समर्पित भजन संध्या में सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## युवक को पीटने का वीडियो वायरल

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नावला निवासी एक दलित युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग मोबाइल चोरी के आरोप में एक दलित युवक को बेरहमी से पीट रहे हैं। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव नावला निवासी दलित युवक गौरव उर्फ लिल्ला पुत्र जोगिंदर को कुछ युवकों द्वारा बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि युवक को बेरहमी से पीटा गया और बंधक बनाकर वीडियो को वायरल किया गया। उधर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है।

## हिंसा फैलाने की साजिश में दो सगे भाइयों समेत चार और दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साम्प्रदायिक हिंसा कराने की साजिश में शामिल चार और आरोपियों को ककरौली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों ने उम्मती नाम से बने व्हाट्सएप ग्रुप पर पाकिस्तान की वीडियो व एक ऑडियो को वायरल किया था। इससे पहले गिरफ्तार तीन आरोपियों ने पाकिस्तान की वीडियो को पांच व्हाट्सग्रुपों पर डाला था। पुलिस प्रत्येक व्हाट्सग्रुप में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की जांच कर रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गत 21 जुलाई को पांच व्हाट्सग्रुप को पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ की खून खराबे की एक वीडियो को वायरल किया था, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में साम्प्रदायिक हिंसा हो सके। वीडियो को मुरादाबाद के मन्सूरपुर धारकन. 'गला का बताया गया था। हालांकि पुलिस ने उनकी साजिश को नाकाम कर दिया था। इस मामले में सुरक्षा एजेंसियां भी जांच पडताल में जुटी हुई है।

एसएसपी ने बताया कि ककरौली पुलिस ने बुधवार को दो सगे भाई नईमुद्दीन व फईमुद्दीन निवासीगण मोहल्ला लद्वावाला थाना शहर कोतवाली, जमीरुद्दीन निवासी मोहल्ला तेली वाली मस्जिद थाना मन्सूरपुर व शालिक निवासी मिमलाना रोड को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरो. पियों ने पाकिस्तान की वीडियो को उम्मती ग्रुप में वायरल किया था। पुलिस ने इस ग्रुप से जुडे 88 लोगों की जांच शुरू कर दी है। व्हाट्सएप ग्रुप पुलिस की जांच में सामने आया था कि दो दिन पूर्व गिरफ्तार तीन आरोपियों ने पांच व्हाट्सएप ग्रुपों पर पाकिस्तान की वीडियो को वायरल किया था। जिससे कांवड़ यात्रा में साम्प्रदायिक हिंसा कराने का प्रयास किया था। हालांकि पुलिस ने इस साजिश को नाकाम कर दिया था। अब ककरौली पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरो. पियों ने उम्मती नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में इस वीडियो को वायरल किया था।

पकडे गए आरोपियों में से कोई भी नहीं है एडमिन कांवड़ यात्रा में पाकिस्तान की वीडियो को मुरादाबाद की बताकर मेरठ, मुरादाबाद व मुजफ्फरनगर के छह व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल कर साम्प्रदायिक हिंसा की साजिश रचने वाले प्रत्येक आरोपी की पुलिस जांच कर रही है। अभी तक जांच में सामने आया है कि पकडे गए सात आरोपी किसी भी ग्रुप में एडमिन नहीं है।

ग्रुपों के एडमिन अन्य सदस्य है। जिनकी पुलिस जांच शुरु कर दी है। छठे ग्रुपों में जुडे 88 लोग भी पुलिस के रडार पर आ गए है। पुलिस का मानना है कि यह वीडियो ग्रुपों से जुडे अन्य सदस्यों ने दूसरे व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल किया है।

पुलिस ने प्रत्येक ग्रुपों के सदस्यों की गहनता से जांच कर उनका प्रोफाइल निकाल रही है। अभी इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है। एसपी देहात आदित्य बंसल का कहना कि ग्रुपों के एडमिनों पर भी जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा।

## कांवड़िए की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे की प्रजापति धर्मशाला में एक कांवड़िया की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कामसमपुर तुल्हेडी का कांवड़िया हरिकिशन मंगलवार को हरिद्वार से पवित्र गंगा. जल लेकर यात्रा पर निकला था। यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए वह मीरापुर कस्बे स्थित प्रजापति धर्मशाला में लगाये गये कावड शिविर में रुका था। बुधवार सुबह जब अन्य कांवड़ियों की नजर उस पर पड़ी तो वह मृत अवस्था में था। यह देख मौके पर हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना धर्मशाला प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन को दी। साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही परिजन मीरापुर पहुंचे और शव को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अपने गांव ले गए। बताया गया कि हरिकिशन फिरोजपुर के एक मंदिर में जल चढ़ाने के उद्देश्य से यात्रा पर निकला था। विश्राम के दौरान उसकी मौत हो गई।

मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला हृदयगति रुकने का प्रतीत हो रहा है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर शोक की लहर है।

## शिवरात्रि आत्मा की शुद्धि, संयम और सेवा का पर्वः मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** सावन माह की शिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को अबूपुरा स्थित बस्सो देवी की धर्मशाला में शिवभक्ति को समर्पित एक भव्य कीर्तन सभा का आयोजन किया गया। कीर्तन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का आयोजक मंडल की ओर से पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

बाला जी दरबार संकीर्तन मंडल, सत्यपुरी खादरवाला द्वारा बस्सो देवी की धर्मशाला अबूपुरा में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोषों से गूं. जता रहा। धर्मशाला को भव्य रूप से सजाया गया था। मंच पर सजे कीर्तन मंडल ने जैसे ही भगवान शिव की महिमा के गुणगान के लिए भजनों की लड़ी शुरू की, भक्तगण भक्ति रस में सराबोर हो उठे। भोले बाबा को समर्पित भक्ति गीतों से माहौल शिवमय बन गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष



मीनाक्षी स्वरूप ने भगवान शिव का पूजन अर्चन करते हुए पंकज जिन्दल गुरूजी का आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि महाशिव. रात्रि आत्मा की शुद्धि, संयम और सेवा का पर्व है।

ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक चेतना का विस्तार होता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सभासद मनोज वर्मा, बिजेंद्र पाल, चंद किरन गुरु जी, पंकज जिंदल, प्रवीण कुमार, शलभ गर्ग सहित अन्य श्रद्धालुजन मौजूद रहे। सभी ने कीर्तन का रसास्वादन किया और बाबा भोलेनाथ से सभी के लिए स्वस्थ जीवन, दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। पंकज जिन्दल गुरूजी ने बताया कि इस विशेष दरबार में बाबा और गुरु महाराज की कृपा अपार मानी जाती है। इसलिए आज यहां पर जिन माताओं और बहनों की गोद नहीं भरी है या उनको संतान प्राप्ति की कामना है, उनके द्वारा एक बिना दाग वाला सेब दरबार में अर्पित कर विशेष पूजा की गई। यह परंपरा बाबा के दरबार में विशेष रूप से फलदायी मानी जाती है, जिसके प्रति भक्तों का अटूट विश्वास बना हुआ है।

## उर्दू बेदारी फोरम कराएगी उर्दू कार्यशाला

### आठ से पन्द्रह सितम्बर तक होगा कार्यक्रम का आयोजन, नवंबर में दिए जाएंगे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उर्दू बेदारी फोरम की बैठक में विश्व उर्दू दिवस एवं शिक्षा दिवस पर उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए उर्दू कार्यशाला आयोजित करने पर सहमति बनी।

रहमत नगर स्थित इकरा पब्लिक स्कूल में जैनबिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या बिन्त हसन जैदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उर्दू साहित्य जगत की महत्वपूर्ण हस्तियों जैसे बहादुर शाह जफर, जौक देहलवी, मौलाना आजाद, के साहित्य जगत की एक महत्वपूर्ण हस्ती करीमी अल-अहसानी आदि की स्मृतियों को समेटे हुए है। बेदारी फोरम के अध्यक्ष शहजाद अली ने बताया कि फोरम ने विद्यार्थियों को चार ग्रुपों में बांटा है। जिसमें ग्रुप ए कक्षा नौ व दस के लिए 'अल्लामा इकबाल एक कवि के रूप में', ग्रुप बी कक्षा 11 के लिए, अलम मुजफ्फरनगरी, कक्षा 12 के लिए, अल्लामा इकबाल का तसव्वुर शाहीन, स्नातक ग्रुप, बाबा ए उर्दू मौलवी अब्दुल हक।

स्नातकोत्तर में मौलाना अबुल कलाम आजाद पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार आदि महापुरुषों के विषयों पर बच्चों के साथ एक लेखन और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और छात्र समुदाय को इन महानुभावों के जीवन और सेवाओं से अवगत कराया जाएगा। सभी समूहों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर फोरम के सचिव आसफ अहमद अंसारी ने कहा कि बहुत जल्द, जिले के कॉलेजों के छात्रों को इस कार्यक्रम में नामांकित किया जाएगा और उन्हें अलग-अलग उपाधियाँ दी जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को अपने विषयों पर भाषण के रूप में अपनी रचना प्रस्तुत करनी होगी। 8 सितंबर से 15 सितंबर तक स्कूल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

स्कूल स्तर के परिणाम 20 सितंबर को जारी किए जाएंगे। 26 सितंबर को जिला स्तर के लिए प्रदर्शन होगा और 9 नवंबर को जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और अन्य अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

इसके लिए एक समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हाजी औसाफ अहमद सचिव, बिनते हसन जैदी,मुहम्मद इरशाद कोषाध्यक्ष, मुहम्मद राशिद, मुहम्मद शाहवेज, मुहम्मद फुरकान, मुहम्मद मुस्तफा उपस्थित थे।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# नाला प्रकरण में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिए डीएम को जांच के निर्देश

## दो वार्डों के बीच विवाद गहराया, एक पक्ष चाहता है नाला खुलवाना, दूसरा पक्ष सड़क बनाए रखने पर अड़ा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के बीचों-बीच स्थित 80 साल पुराने ऐतिहासिक नाले को लेकर उपजा विवाद अब उप मुख्यमंत्री दरबार से निकलकर जिलाधिकारी के संज्ञान तक पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को बुधवार 23 जोलाई को ऑन लाइन पत्र भेजकर तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। वही नाला विवाद डीएम दरबार मे पहुँचने के बाद लोगों में इंसाफ की आस जगी है।

### नाले का इतिहास और उसकी उपयोगिता

जानकारी के अनुसार, खतौली नगर पालिका द्वारा हाल ही में नगर के एक पुराने नाले को आटकर (बंद कर) उसके ऊपर सड़क का निर्माण करा दिया गया। यह नाला लगभग 80 वर्ष पुराना बताया जा रहा है, जो नगर की जल निकासी व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता था। इस नाले के जरिए रेलवे रोड, जानसठ रोड, श्यामपुरी, दुर्गा पूरी, सैनी नगर जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्रों का गंदा पानी और वर्षा का जल निकाला जाता था। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि यह नाला दोनों सिरों से अभी भी खुला हुआ है, केवल मध्य भाग को ही बंद किया गया है। इससे जल निकासी बाधित हो गई है और क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### दो पक्ष आमने-सामने

नाला बंद किए जाने के बाद से ही वार्ड संख्या 12 और पड़ोसी वार्ड के बीच विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड 12 के निवासी और व्यापारियों का कहना है कि इस नाले को बंद करना नगर हित में नहीं है, क्योंकि इससे बरसात के दिनों में जलजमाव और गंदगी की समस्या गंभीर रूप ले लेगी। वहीं, विरोधी पक्ष का तर्क है कि नाले की वजह से इलाके में गंदगी फैलती थी, दुर्गंध और मच्छरों की भरमार रहती थी। इसलिए पालिका द्वारा सड़क निर्माण कर नाले को ढक देना एक उचित कदम है।

### जनता के सवाल, प्रशासन के जवाब का इंतजार

नाला बंद होने से चिंतित नागरिकों का कहना है कि जल निकासी व्यवस्था से छेड़छाड़ करना नगर के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है। रेलवे रोड और आसपास के बाजारों के व्यापारी संघ इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम राजकुमार को ज्ञापन दे चुके है। एसडीएम ने दोनों पक्षों से वार्ता कर कावंड़ यात्रा के बाद दोनों पक्षों से वार्ता कर किसी निष्कर्ष पर पहुँचने का आश्वासन दिया था। कावंड़ यात्रा समाप्त हो गई है अब लोगों को एसडीएम के आदेश का इंतजार है। श्यामपुरी, सैनी नगर, जानसठ रोड और दुर्गा पूरी के लोग भी लगातार सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों के जरिए प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि नाले को पुनः खोला जाए ताकि नगर में जलभराव की समस्या से बचा जा सके

### उप मुख्यमंत्री ने लिया त्वरित संज्ञान

इस मामले में सैनी नगर निवासी राकेश सैनी ने अपने अधादर्जन लोगो के साथ लखनऊ पहुँच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र देते हुय नाले को पालिका द्वारा बंद कराने की समस्या बताई थी।जिसके बाद लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और यदि कोई अनियमितता मिलती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने नाले की जांच प्रक्रिया तेज कर दी है।

### क्या कहते हैं बुजुर्ग

नगर के बड़े बुजुर्गों का कहना है कि पुराने नाले बिना वैकल्पिक निकासी व्यवस्था के बंद करना नगर नियोजन के खिलाफ है। नाला बंद करने से पहले विस्तृत सर्वे और जन सहभागिता आवश्यक होती है, अन्यथा ऐसे निर्णय नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। लोगों का कहना है कि अब निगाहें जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट और कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। क्या यह नाला फिर से खुलेगा या सड़क ही कायम रहेगी, इसका निर्णय आगामी दिनों में साफ हो सकेगा। लेकिन इतना तय है कि खतौली नगर में यह मुद्दा अब केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा प्रश्न बन चुका है।

## चांदी की पाजेब धोने के नाम पर महिला से की ठगी

**बुढ़ाना।** एक ठग ने चांदी की 2 पाजेबों को धोने के नाम पर एक महिला की आधी पाजेब आंखों ही आंखों में गायब कर दी। महिला के शोर मचाने पर मौहल्ले की कई महिलाओं ने ठग को पकड़ लिया और बुढाना पुलिस को सौंप दिय। पुलिस ने ठग से पूछताछ शुरु कर दी है। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पीर शाह विलायत में एक युवक नाजमा पत्नि रईस कुरैशी के घर आया और नाजमा से कहा कि उसे सिल्वर कंपनी ने भेजा है। वह कंपनी की तरफ से चांदी की चीजों को फी में धोने आया है।

तब नाजमा ने उसे 15 तोले की 2 पाजेब धोने के लिए दे दी तो ठग ने नाजमा की आंखों ही आंखों में पाजेब के आधे घुंघरु केमिकल रुपी पानी में डाल दिए और कुछ देर बाद चांदी की दोनों पाजेब नाजमा को दे दी तो नाजमा को दोनों पाजेबों का वजन हल्का लगा तो उसने युवक को कहा कि इन पाजेबों के घुंघरु कहां हैं तो वह युवक अपना समान उठाकर भागने लगा तो महिला ने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आई अन्य महिलाओं ने मामला समझकर युवक को पकड़ लिया और डायल 112 को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस आई और युवक को साथ ले गई। युवक ने पुलिस को अपना नाम कृष्ण कुमार पुत्र अशोक शाह निवासी 299 ए ख नंबर 45/25 जैन कालोनी भाग्य विहार रानी खेड़ा मदनपुर डबास उत्तर पश्चिम बताया। पुलिस ने युवक के पास से केमिकल युक्त पानी, ब्लीच, टड्बू, बेग, पाउडर, स्प्रे व अन्य सामान भी बरामद किया है।

## जिलाधिकारी ने लिया मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद का प्राचीन और ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर इस वर्ष भी सावन माह की महाशिवरात्रि पर 'हर हर महादेव' के उदघोष से गूंज उठा। श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह का यह अनुपम संगम बुधवार को तब देखने को मिला, जब हजारों शिवभक्तों ने हरिद्वार व अन्य तीर्थ स्थलों से पवित्र गंगाजल लाकर परशुरामेश्वर महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मनोकमनाओं की पूर्ति की कामना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के नेतृत्व में पौराणिक सिद्धपीठ पुरामहादेव मंदिर पर लगे श्रावणी कांवड़ मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा व श्रावणी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र को 8 जोन और 32 सेक्टर में विभाजित किया गया था। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय स्वयं लगातार क्षेत्रीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे एवं नियमित रूप से कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही पुरा महादेव मंदिर पर कैंप भी किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रशासन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट कर कांवड़ मेले को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और मंगलमय संपन्न कराने में सभी विभागों के टीमवर्क की सराहना की। कांवड़ मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की रौनक दिनभर बनी रही। प्रसाद, पूजन सामग्री, खिलौनों, आभूषणों व स्थानीय व्यंजनों की दुकानों पर भीड़ उमड़ती रही। वहीं शिवलिंग पर जलाभिषेक हेतु आए श्रद्धालुओं की आस्था एवं संयम भी खूब देखते बना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम न्यायिक शिव नारायण, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह, एसडीएम मनीष यादव, निकेत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर अमरचंद वर्मा आदि रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**छपार।** हरिद्वार की ओर से आ रही एक बाइक और नियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई उसे पर सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए पुलिस ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया वहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बुधवार को दोपहर के समय हरिद्वार की ओर से आ रही बाइक छपार में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे जनार्दन पुत्र कृष्णा निवासी सेक्टर 49, बरोला जनपद गौतमबुधनगर व अजय गिरी पुत्र राजेश्वर निवासी गांव बानापुर थाना करगा जनपद मुजफ्फरपुर बिहार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डॉक्टरों ने 35 वर्षीय जनार्दन को मर्त घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पुलिस का कहना है कि वह हरिद्वार से आ रहे थे बाइक पर झंडा लगा था गंगाजल उनके पास नहीं मिला। जबकि परिजनों का कहना है कि वह गंगाजल लेने गया था।

# महाआरती में कांवड़ियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

## शिविर का हुआ समापन, कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर जानसठ कावड़ सेवा शिविर द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में शिव भक्त कांवड़ियों एवं नगर व आसपास के क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बुधवार को 19 वे जानसठ कावड़ सेवा शिविर का समापन हुआ इस अवसर पर शिविर में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सिल्ड एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

महाशिव रात्रि की पूर्व संध्या पर जानसठ खतौली तिराहे पर 19 वे जानसठ कावड़ सेवा शिविर में महा आरती का आयोजन किया, महा आरती में मुख्य रूप से एसडीएम जयेंद्र सिंह, सीओ यतेंद्र नागर, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, इंस्पेक्टर राजीव शर्मा एवं पूर्व नगर पंचायत चौयरमेन प्रवेंद्र भड़ाना, मोनी उर्फ रजनीश सैनी सहित हजारों की संख्या में उपस्थित शिव भक्ति कांवरियों एवं नगर व देहात क्षेत्र से आए शिव भक्तों ने भाग लिया।

इस दौरान भगवान गणेश जी, भगवान भोलेनाथ जी एवं हनुमान जी, मातारानी आदि देवी देवताओं की आरती की गई।

इस दौरान जानसठ कावड़ सेवा शिविर के अध्यक्ष टीटू उर्फ गोपाल सैनी, महादेव सेवा मंडल के संस्थापक प्रदीप राणा, मूलचंद सैनी, सुभाष सैनी, बिट्टू कंबोज, प्रदीप कांबोज, राहुल, लाला सुरेश, राजू, ठाकुर पिंटू, वेद प्रकाश सैनी, गौरव बाठला, प्रदीप उपाध्याय, रमेश पेंटर, गौरव संगल, परमात्मा शरण, राकेश मिरगान, उदित भेंटवाल, पारस गुर्जर, अमित गुर्जर आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। समापन से पूर्व शिविर में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सिल्ड एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।बुधवार की सुबह जानसठ कावड़ सेवा शिविर के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने आरती की और शिविर का समापन किया।

# खोया हुआ मोबाइल पाकर युवक हुआ खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक खोया हुआ मोबाइल पाकर खुश हो गया। हुआ यूं कि आज बुधवार के दिन कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान निवासी शायान कुरैशी पुत्र सलीम अपने भाई जैद कुरैशी और चाचा नसीम कुरैशी के साथ किसी काम से अपने खेत पर गया हुआ था। तब एक खेत में शायान को एंड्रायड मोबाइल पड़ा हुआ मिला।

शायान ने इधर उधर देखा तो कोई भी मौके पर नहीं मिला। तब शायान ने मोबाइल को अपने कब्जे में कर सोशल मीडिया पर लावारिस मोबाइल फोन मिलने का एक मैसेज वायरल कर दिया। तब मैसेज के वायरल होते ही वह युवक शायान के घर पर पहुंच गया और अपने मोबाइल की पूरी पहचान, पासवर्ड व नंबर बता दिया। सब कुछ सही होने पर शायान ने युवक को वह मोबाइल लौटा दिया। युवक ने अपना नाम आरिफ पुत्र समयदीन निवासी गांव गुराना जिला बड़ौत जनपद बागपत बताते हुए कहा कि वह फिलहाल बुढ़ाना ही रह रहा है और उसने आपके खेत के पास ही एक व्यक्ति का बाग ठेके पर लिया हुआ है। आज सुबह जेब से मोबाइल



निकल गया। उसने मोबाइल को काफी तलाश किया लेकिन मोबाइल नहीं मिला। खोया मोबाइल पाकर आरिफ अहमद बहुत ही खुश हुआ और इसके लिए शायान कुरैशी का दिल से आभार जताया।

# रिटेलर व्यापारियों ने खाद विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली ।** खतौली क्षेत्र के यूरिया खाद व्यापारियों ने खाद वितरण व्यवस्था में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और शोषण का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक विस्तृत पत्र भेजा है। पत्र में जिले के खाद विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि उक्त अधिकारी ने न केवल यूरिया वितरण व्यवस्था को बिगाड़ा है, बल्कि रिटेल व्यापारियों से जबरन वसूली कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया है। खतौली निवासी अरविंद कुमार शुभम खाद भंडार, व समेत समस्त व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा भेजा गया है। व्यापारियों का कहना है कि जिले में यूरिया की भारी किल्लत है, और जिन दुकानदारों को यूरिया मिला भी है, उन्हें अधिक मूल्य पर खाद बेचना पड़ा, जिसकी वजह से अब उन्हीं पर विभागीय कार्रवाई की तलवार लटकाई जा रही है।

### व्यापारियों ने लगाए गंभीर आरोप

अरविंद कुमार का कहना है कि कुछ रिटेलर व्यापारियों को अब तक यूरिया मिला ही नहीं है, जबकि जिन्हें मिला, उन्हें यह तय मूल्य से अधिक दर पर मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी व्यवस्था के पीछे विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी हैं, जो सही तरीके से यूरिया आवंटन न कर चुनिंदा दुकानदारों को फायदा पहुंचा रहे हैं और दूसरों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, अगर कोई व्यापारी इस गड़बड़ी के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसके प्रतिष्ठान की जांच के नाम पर परेशान किया जाता है, और लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दी जाती है।

### किसान भी हो रहे हैं परेशान

व्यापारियों ने यह भी बताया कि इस अनियमितता का सीधा असर क्षेत्र के किसानों पर पड़ रहा है। यूरिया की कमी और बढ़ी हुई दरों के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं।

### लाइसेंस निरस्तीकरण पर सवाल

व्यापारियों ने यह भी दावा किया कि अधिकारी मनमाने तरीके से रिटेलरों के लाइसेंस निरस्त कर रहे हैं और पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे व्यापारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहे हैं। अरविंद कुमार ने कहा कि कई व्यापारियों से विभाग के नाम पर वसूली की गई है, लेकिन उसके कोई आधिकारिक रसीद या लेखाजोखा नहीं है।

### मुख्यमंत्री से न्याय की अपील

व्यापारी संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराएं और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। साथ ही, रिटेलर व्यापारियों को सम्मान की ख्रष्टि से देखा जाए ताकि वे भी सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

### सरकार की छवि को नुकसान

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि खाद विभाग की इस तरह की कार्यप्रणाली से प्रदेश सरकार की छवि खराब हो रही है और आम जनमानस में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास डगमगा रहा है।

## पकड़े जाने से पूर्व 5 अन्य के साथ भी की ठगी

**बुढ़ाना।** पकडे गये ठग कृष्ण ने नाजमा के अलावा इसी मौहल्ले के दानिश कुरैशी पुत्र सत्तार से हाथ की चांदी की चेन जो आठ तोले के थी जिसको ठग ने धोने के बाद सवा 5 तोले करके बाकी चांदी अपने कब्जे में कर ली। इसके अलावा इसी मौहल्ले की ताहिरा मंसूरी पत्नि नवाब से भी आधी चांदी और आसमा पत्नि मन्नू कुरैशी के पुत्र का चांदी का आधा कडा साफ कर दिया। मौहल्ले की बिसातियान गली के आसिफ सैफी के यहां भी इस ठग ने अपना कमाल दिखाया। इन पांचों को चांदी गायब होने की घटना का पता इस ठग के पकड़े जाने के बाद लगा जब उन्होंने अपनी अपनी चीजों का वजन चेक किया तो उनके पैरों तले की धरती खिसक गई।

# विधायक से चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग

## जहां लाइटों की जरुरत नहीं वहां लगाई लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां के ग्रामीणों ने रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान के समक्ष लिखित मे आरोप लगाया कि जहां स्ट्रीट लाइटें लगनी थी वहां पर कोई भी लाइट नहीं लगाई गयी जबकि उन जगहों पर लाइटें लगाई गयी जहां लाइट की जरुरत ही नहीं थी। मिली जानकारी के अनुसार गांव हुसैनपुर कलां के साइम, मेहराज, नूर हसन, फरमान, ताहिर, प्रवेज खान, इलियास, नौशाद ईलाही, नाजिम, इमरान, सदाम, शहजाद अब्बासी, मुकेश, फारूख, सईद अब्बासी, साहिल अब्बासी और महबूब खान ने आज बुधवार को रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारे गांव हुसैनपुर कलां के धोबियान मोहल्ले में जिसमें 04 रास्ते पड़ते हैं। चौराहे पर करीब 15 से 20 परिवारों के घर हैं। चौराहे पर स्ट्रीट लाइट की बहुत ही सख्त जरुरत है लेकिन यहां पर एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गयी जबकि एक एक गली में कई कई लाइटें लगा दी गयी हैं। जो कि उचित नहीं हैं। ग्रामीणों ने विधायक से चौराहे पर भी स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। जिस पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल बालियान ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया और कहा कि वे आज कल में ही गांव के चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लगवा देंगे।

# स्वास्थ्य शिविर में हुई 2000 से अधिक कांवड़ियों की सेवा

## शिवरात्रि पर्व पर छोटा केदारनाथ मंदिर में हजारों शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की पावन शिवरात्रि पर खतौली स्थित प्राचीन छोटा केदारनाथ शिव मंदिर में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सुबह से ही भारी संख्या में शिवभक्त कांवड़ियों और नगरवासियों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

मंदिर समिति द्वारा 18 जुलाई को मंदिर स्थापना दिवस भी अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर को श्रावण मास की शुरुआत से ही रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क 24 घंटे स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जो लगातार 5 दिन तक चला। शिविर में हर प्रकार की दवाइयां, मरहम-पटी और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। शिविर का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री प्रवीण ठकराल एवं गणमान्य डॉक्टरों द्वारा किया गया। मुख्य संचालक विवेक रहेजा ने जानकारी दी कि पिछले 5 दिनों में 2000 से अधिक कांवड़ियों ने शिविर में मरहम-पट्टी करवाई। शिविर का समापन 22 जुलाई को रात्रि 9 बजे किया गया।

समापन के बाद बची हुई दवाइयां, मरहम-पटी, रस्सी व अन्य सामग्री स्प्ब ।दपउंस ॅमसंतिम के संस्थापक पुनीत अरोरा एवं कान्हा गौ सेवा दल के अध्यक्ष अनुभव जी को सौंप दी गई। मंदिर समिति द्वारा सावन शुरू होने से पहले स्थानीय पुलिस चौकी का भी पेंट कार्य कराया गया और उसे भी लाइटों से सजाया गया, जिससे रात्रिकालीन डयूटी में पुलिसकर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वास्थ्य शिविर में सहयोग देने वाले प्रमुख डॉक्टरों में शामिल रहे डॉ. रूबल बख्शी, डॉ. शिव कुमार, डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. सचिन साहनी, डॉ. अरुण मेहता, डॉ. मनोज कुमार बागड़ी आदि शामिल रहे।

शिविर में सेवा देने वाले प्रमुख कार्यकर्ता रजत ग्रोवर, मदन छाबड़ा, पुनीत अरोरा (अरोरा टेलीकॉ, मोंहित रहेजा, ध्रुव सपड़ा, गौरव खटियान, गौरव सोम, अजय नरेश मौतला, अनुभव यदुवंशी, संदीप रोहड़िया, तरुण अहलावत, सचिन नागर, शिवा सोम, विभांशु शर्मा, विकास कौशिक, गुरुदत्त अरोरा, माधव ठकराल, गौरी शंकर गौरी, राजेंद्र सैनी, पुनीत राजवंशी, अनिल नागर आदि।भक्ति, सेवा और आयोजन की दृष्टि से यह आयोजन खतौली क्षेत्र के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। बोल बम के जयघोष और सेवा भावना ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

## घर में घुसकर महिला संग छेड़छाड़

**छपार।** रात्रि में एक युवक एक महिला के मकान में घुसकर ग़लत नीयत से उसके बैड पर लेटकर छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। सुबह उसके पति व ससुर आरोपी के घर बताने गये तो उनके साथ मारपीट की पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। गांव ताजपुर कलां निवासी रण कुमार की पत्नी प्रीति ने बुधवार को थाने तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार की रात में घर में अकेली सोती थी उसका पति व ससुर घेर में सोये थे।करीब एक बजे पड़ोसी गौतम घर में घुस आया ओर उसके बेड पर लेटकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा आंखें खुलने पर उसने विरोध किया तो पहले उसका मुंह कपड़े से दबा दिया वह उठकर बाहर जाने लगी तो रोककर कहा कि वह जा रहा है किसी बताना नहीं। सुबह होने उसने पति व ससुर को घटना की जानकारी दी वे आरोपी के घर बताने गये तो आरोपी व परिजनों ने उनके साथ मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी।

# शिवरात्रि पर शिवालयों मे हुई बम बम भोले, शिवभोलों ने किया जलाभिषेक

**मोरना।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के अनेक शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। बुधवार की सुबह सवेरे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर पहुँचे तथा पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

मोरना-भोपा मार्ग पर गांव ककराला स्थित प्राचीन जुड़ेश्वर महादेव मंदिर, कस्बा भोकरहेड़ी में दरगाह शिव मंदिर व सेठो वाले मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर भोपा, लक्ष्मी नारायण मंदिर मोरना सहित बेहड़ा सादात, ककरौली आदि में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।जुडेश्वर महादेव मंदिर मे सुबह चार बजे से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। जहां मोरना, ककराला,



फिरोजपुर, भेडाहेडी, मिल कॉलोनी आदि से आए हजारों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की प्राचीन पिंडी पर जल व दूध से अभिषेक किया व बेलपत्र, फल, फूल, दीप, धूप, मिष्ठान आदि से पूजा अर्चना की। हरिद्वार व शुकतीर्थ से गंगाजल लेकर आए अनेक भक्तों ने भी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मोरना चौकी प्रभारी ललित राजपूत पुलिस बल के साथ तैनात रहे। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद शिव मंदिरों पर जल चढ़ाया। क्षेत्र के मंदिरों में भारी भीड़ के चलते पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र के मंदिरों में घूमते रहे।

## कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न

**बुढ़ाना।** कांवड़ यात्रा 2025 को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में सकुशल सम्पन्न कराने तथा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने के लिए आज दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि मे किसी समय पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उनके द्वारा बुढ़ाना कोतवाली में कई स्थानों पर कांवड यात्रा के दृष्टिगत की गयी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए डड्रूटीरत पुलिसकर्मियों को शिव रात्रि पर्व पर मन्दिर में भोले श्रद्धालुओं की अधिक भीड के दृष्टिगत सतर्कतापूर्वक डड्रूटी करने, शालीनतापूर्वक व्यवहार रखते हुए कांवड यात्रियों की हरसम्भव मदद करने व किसी भी छोटी या बडी सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने सहित अन्य जरुरी दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र भी उपस्थित रहे।

# शिवालयों में जल चढ़ाने को श्रद्धालुओं की रही भीड़

**बुढ़ाना।** बुधवार की अल सुबह से ही कस्बे और क्षेत्र के सभी मंदिरों में जल चढ़ाने को श्रदालुओं की भीड़ लग गयी थी। इस दौरान सावन का पावन महीना और शिवरात्रि का शुभ दिन। सड़क पर भगवा रंग में रंगे कांवड़िये। आसमान से रिमझिम फुहाड़ और कमंडल में गंगा की धार। बम-बम भोले की गूंज, घुंघुरूओं की मधुर आवाज। रिमझिम बरसती बूंदे ऐसी जैसे बारिश के देवता देवराज इंद्र भी इस पावन धरती पर मौजूद शिव के ज्ध्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक कर रहे हों मन भोले की भक्ति में सराबोर और हृदय में श्रद्धाभाव। गंगा में स्ध्नान किया जल भरा और लगा दी दौड़ भोलेनाथ को प्रसन्न करने की प्रबल इच्ध्छा लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक करने की चाह लिए कांवड़िये शिव मंदिरों की ओर बढ़ते दिखाई दिए। कांवड़िया मार्ग पर जो ख्रश्ध्य दिखे। जो शिवभक्तों का रेला दिखा वो भोले की भक्ति का प्रमाण नहीं तो और क्या है कांवड़ियों



के बीच अपने भोलेनाथ को प्रसन्न करने उनका जलाभिषेक करने की जल्ध्दी थी चूंकि भगवान शिव की पूजा के लिए श्रावण मास कीध शिवरात्रि को बहुत ज्यादा शुभ माना गया है इसलिए कांवड़िया मार्ग पर कांवड़िये दौड़ लगाते दिखे। कोई शिव की प्रतिमा कंधे पर उठाए दौड़ लगाता दिखा तो कुछ कंधे पर कांवड़ लिए युवा समूह में दौड़ लगाते दिखे। वाहनों पर भगवा झंडे लगाकर कुछ बाइक सवार कांवड़िये बढ़े जा रहे थे पूरा कांवड़िया मार्ग ऐसे दृश्यों से पटा पड़ा था। सावन मास की शिवरात्रि पर शिव के जल अभिषेक और पूजा का विशेष महत्ध्व है। कस्बे के नदी वाला मंदिर, शिव स्थल मंदिर, चांदनी वाला मंदिर, योगपुरा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही जल चढ़ाने को श्रदालुओं की लाइनें लगी गयी थी।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र मौ. दिलशाद को आज से 12 साल पहले उसका हक व हिस्सा देकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था, क्योंकि मौ. दिलशाद मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेदारी नही है।

**मौ. युनुस पुत्र स्व. श्री रहम इलाही**
**निवासी मौहल्ला सुभाष नगर, थाना नई मंडी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# स्टील का पाइप 33 हजार लाइन से टच होने पर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** जानसठ क्षेत्र के तालडा मोड से घर पर पर्दा लगाने के लिए स्टील का पाइप दो युवक बाइक पर सवार होकर ले जा रहे थे स्टील का पाइप सीधा करने के कारण तालड़ा मोड़ के ऊपर से गुजर रही 33 हजार की विद्युत लाइन से टच होने पर दोनो युवक चपेट मे आ गये जिसमे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुस्ववीर पुत्र गुलाम अली उम्र 21 वर्ष व असद पुत्र अफसर अली निवासी चित्तौड़ा अपने गांव से बाइक पर सवार होकर घर मे पर्दा लगाने के लिए जानसठ तालड़ा मोड़ से स्टील का पाइप खरीद कर ला रहे थे जैसे ही चंद कदमों की दूरी पर चले तो पीछे



बैठे युवक मुसव्विर ने स्टील के पाइप को सीधा खड़ा कर दिया वहीं ऊपर से गुजर रही 33 हजार विद्युत की लाइन से पाइप जा टकराया पाइप टकराने के कारण दोनों विद्युत लाइन की चपेट में आ गए जिसमें मुसाव्विर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जब की असद गंभीर रूप से घायल हो गया यह घटना देख ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई वह इसकी सूचना थाना जानसठ पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व दोनों युवकों को सीएचसी जानसठ लाया गया जहां जानसठ पुलिस ने मुसाव्विर का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं डॉक्टरो ने असद की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया जहां से डॉक्टरो ने युवा की हालत गंभीर मानते हुए बैगराजपुर मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मच गया युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है

जानसठ पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दो युवक स्टील का पाइप लेकर तालड़ा की ओर से आ रहे थे जैसे तालड़ा मोड़ के पास पहुंचे तो पाइप सीधा करने के कारण 33000 विद्युत लाइन से जा टकराया जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई वह दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है युवक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# करंट लगने से 8 पशुओं की मौत, 2 जख्मी

## प्रधान ने जेई और लाईनमैन पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** महिला ग्राम प्रधान के पति की डेयरी में बंधे 08 पशुओं की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी जबकि दो पशु बुरी तरह से झुलस गये।

ग्राम प्रधान ने करीब 4 लाख रुपये का नुकसान बताते हुए बिजली विभाग के जेई व लाइनमेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम बुढ़ाना से मुआवजे की मांग की। इस दौरान गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे बिजली लाइनमेन को जमकर खरी खोटी सुनाईघ् उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली की महिला प्रधान रहीसा कुरैशी के पति नवाब ने किसी बेंक से मोटा ऋण लेकर गांव में ही दूध की डेयरी खोली हुई है। जिसमें दर्जनों दुधारु पशु और उनके लवारे बंधे हैं। इस डेयरी के पास को 11 हजार की विद्युत लाइन गयी हुई है। जिसके जर्जर तारों की शिकायत डेयरी मालिक समय समय पर विद्युत विभाग से दर्जनों बार कर चुके हैं लेकिन किसी भी विद्युतकमह्म के सिर पर जूं तक नहीं रेंगी कि वे जर्जर तारों को बदल दें। आज बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे अचानक से लाइन का जर्जर तार टूटकर टीश शेड पर गिर गया। जिसमें नीचे बंधे दस पशुओं को जोर का करंट लग गया और 08 पशुओं ने मौके पर ही तड़प तड़पकर दम तोड दिया जबकि दो पशु काफी जख्मी हो गये। इन पशुओं की चीख पुकार सुनकर मौके पर आए लोगों ने किसी तरह से बिजलीघर में फोन कर घटना की जानकारी देते हुए बिजली आपूर्ति बंद कराई।

मौके पर पहुंचे बिजलीकर्मियों को सैकड़ों ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा और उन्होंने बिजली जेई और लाइनमेन को जमकर खरी खोटी सुनाई। घटना की सूचना पर परासोली चौकी प्रभारी सुमित कुमार और बैंककर्मी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। डेयरी मालिक के अनुसार 04 लाख रुपये की कीमत का नुकसान बताया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है और दूसरी और विद्युतकर्मी जर्जर 11 हजारी लाइन को बदलने में लग गये थे।

### टिकैत के व्यस्त चलते 28 जुलाई की सभा हुई निरस्त

**बुढ़ाना।** कस्बे में स्थित तहसील परिसर में आगामी 28 जुलाई को होने वाला कार्यक्रम किसान सम्मान समारोह भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकेत के व्यस्त होने के कारण निरस्त कर दिया गया। ये जानकारी कार्यक्रम आयोजक कृष्णपाल तोमर ने दी। उन्होंने बताया कि हम अब अगले सप्ताह 30 जुलाई को चौधरी राकेश टिकैत से मिलकर अगले माह अगस्त की कोई भी तारीख रखेंगे। उल्लेखनीय है कि बीती 11 जुलाई को बुढाना कस्बे में बुढाना कोतवाली के पीछे स्थित रोड के समीप रहने वाले वृक्त किसान नेता चौधरी कृष्णपाल सिंह तोमर के आवास पर एक बैठक हुई थी। जिसमें भाकियू संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के साथी वृक्त भाकियू नेता शामिल हुए थे। बैठक में तय हुआ था कि 28 जुलाई को तहसील में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमे भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेशघ टिकैत खुद बुजुर्ग साथियों को सम्मानित करेंगे।

# श्रावण शिवरात्रि पर पंचमुखी महादेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मीरापुर।** श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री सिद्धपीठ पंचमुखी महादेव मंदिर सम्भलहेड़ा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को सर्वप्रथम हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आये कावडियो ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने परिवार व राष्ट्र की तरक्की के लिए पूजा अर्चना की। प्रात: 4 बजे से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गई। दूर-दूर से आए श्रद्धालु घंटों पंक्ति में खडे होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। शिवमय वातावरण में बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर दिनभर गूंजता रहा।

मंदिर कमेटी की ओर से व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुष्पेन्द्र शर्मा,विपिन मास्टर, विशाल, जगपाल, राजकुमार, शुभमपाल, सोहनवीर कश्यप, रो. हताश प्रजापति, इंद्रपाल, कुणाल कश्यप, ऋतिक, दुष्यंत धीमान, जोनी आदि सैकड़ों की संख्या में सेवादारों की डड्रूटी लगाई गई थी। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट नजर आया। नायब तहसीलदार विपिन चौधरी, क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र नागर व मीरापुर थाना प्रभारी बबलू वर्मा भारी पुलिस बल के साथ सुबह से ही व्यवस्थाओं में जुटे रहे। मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया, साथ ही निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी गई। मंदिर कमेटी की ओर से भक्तों के लिए कढ़ी-चावल का भंडारा प्रसाद रूप में वितरित किया गया, जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। बच्चों के लिए मंदिर परिसर में विशेष रूप से झूले, खिलौने, खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए थे, जिससे बच्चों ने दिनभर खूब आनंद उठाया। दुकानों पर खरीदारी करते बच्चों और उनके परिजनों का उत्साह देखने लायक था। दिनभर भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। शिवभक्तों की आस्था और भक्ति ने सिद्धपीठ पंचमुखी महादेव मंदिर को पूरी तरह शिवमय बना दिया। आयोजकों और प्रशासन की चुस्त व्यवस्था से श्रद्धालुओं ने भी संतोष व्यक्त किया। कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर श्रीराम मंदिर,



योगमाया मंदिर, काली मंदिर, गंगा मंदिर, शीतला माता मंदिर, सैनी शिव मंदिर, फिरोजपुर शिव मंदिर, सत्संग भवन, घासमंडी शिव मंदिर, पंचायती मंदिर, भूमिया मंदिर, बालाजी धाम आदि शिवलायो में भक्तो ने भगवान को गंगाजल, पंचामृत, फल फूल, मिष्ठान, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि अर्पित कर पूजा अर्चना की। क्षेत्र के कई स्थानो पर कावड शिविरो का भी विधिवत रूप से समापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश में गिरी गरीब के मकान की कच्ची छत

**चरथावल।** ग्राम कुल्हेड़ी में बरसात के चलते एक ग्रामीण के मकान की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। मलबे में दबने से पीड़ित का हजारों रूपये का सामान नष्ट हो गया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी निवासी अनीस पुत्र मजीद का पुराना कडियों का मकान था। वह स्वजन के साथ इस मकान में रहता था। बरसात के कारण बुधवार की सुबह अचानक अनीस के मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। स्वजन ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचायी।छत के मलबे में दबने से मकान में रखा हजारों रुपये का सामान नष्ट हो गया।छत गिरने से पीड़ित के सिर पर छत का साया नही रहा। भाकियू नेता विकास शर्मा व ग्राम प्रधान द्वारा इसकी सूचना अधिकारियों को देकर जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गयी है। बारिश के कारण कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी हैस और पीड़ित व्यक्ति अब तक भी अपने मकानों को बनवाने के लिए चककर काटते नजर आ रहे है वही जहाँ ग्रामीण क्षेत्रो मे कच्चा मकान गिरने से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सच्चाई का खुलासा हो रहा है स और कच्चे मकानों के गिरने से यह साफ हो चला है की क्या पात्र लोगो को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है या फिर योजना मे अपात्र व्यक्तियों को भी शामिल किया जा रहा है कारण चाहे कुछ भी हो लेकिन यह बात साफ हो चली है की अब भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से कोसो दूर है ।

### महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शोभायात्रा

**खतौली।** कांवड़ यात्रा की समाप्ति के बाद सोमवार को महाशिव. रात्रि के पावन अवसर पर नगर में भव्य और विशाल 38वीं श्री महाशिव शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़े बाजार से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों,इंद्र मूर्ति, जीटी रोड, घंटाघर, ढाकन चौक होते हुए पुन: बड़े बाजार में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमान जी, काली मां, राम दरबार, गणेश जी आदि की भव्य और जीवंत झांकियों ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बन गया। शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा पूरे नगर में आस्था का केंद्र बनी रही। आयोजन को लेकर नगर में विशेष सफाई और सजावट की गई थी। यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा की शांतिपूर्ण सम्पन्नता के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारी भी यात्रा मार्गों पर लगातार निगरानी करते रहे।शिवभक्तों और नगरवासियों ने शोभायात्रा को ऐतिहासिक और सफल आयोजन बताया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। महाशिवरात्रि के इस आयोजन ने एक बार फिर नगर में धर्म और संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों पदाधिकारी और समाज सेवी मौजूद रहे।

### नहर का पानी टूटकर तीन दर्जन घरों में घुसा

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर नीमखेडी में बुधवार के दिन पास ही स्थित नहर का पानी टूट जाने से लगभग 03 दर्जन से भी अधिक घरों में पानी भर गया। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है वहीं दूसरी और सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नहर का पानी बंद कर दिया है लेकिन खेतों में भरा पानी अब गांव की और बढने से ग्रामीण परेशानघ हैं। मिली जानकारी के अनुसार गांव फतेहपुर नीमखेड़ी के रकबे में स्थित नहर का पानी अचानक से टूट जाने से गांव में बाढ़ के हालात बन गये। घरों में पानी आ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया तो सूचना पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और नहर के टूटे हुए पानी को भारी मशक्कत के बाद बंद कराया लेकिन खेतों में जो पानी भरा है वह गांव की तरफ बढ़ रहा है ऐसी सूचना है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने पानी को बंद कर दिया है लेकिन ग्रामीण इस बात को मान नहीं रहे और इसको सिर्फ खानापूर्ति ही बता रहे हैं।

इस संबंध में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने भी फोन पर संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और बताया कि उनकी सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों के द्वारा ग्राम फतेहपुर खेड़ी में टूटी हुई नहर की पटरी से पानी का प्रवाह रोकने का कार्य किया जा रहा है। उनको उनके कार्यकर्ताओं द्वारा पानी टूटने की सूचना मिली थी। वहीं गांव के दीपक कश्यप ने बताया कि जिन घरों में पानी भरा है उनमें सुरेश बंजारा, प्रिंस बंजारा, कबूल सैनी, मोहर सिंह नायक, ओमा बंजारा, बिजेंद्र सेन, बेदू सेन, पुष्पेंद्र सेन, मिंटू बंजारा, सुभाष बंजारा, कालू आदि हैं। उनके घर के आगे भी 2 फुट पानी भरा है। देर रात समाचार लिखे जाने तक गांव में पानी बढ़ने की सूचना थी और ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका को लेकर भयभीत थे।

# गोपालकों की आपूर्ति करने वाली दो फर्मों के खिलाफ परतापुर में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मवाना।** नगर निगम मेरठ की कान्हा उपवन गोशाला में हुई गोवंशों की मौत के मामले में दो फर्मों पर भी गाज गिर गई है। इस मामले में सहायक नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ की ओर से दोनों फर्मों के खिलाफ थाना परतापुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इन फर्मों को नगर निगम की ओर से गोवंशों की देखभाल के लिए गोपालकों कर्मचारियों की आपूर्ति आउटसोर्सिंग से कराने का ठेका दिया गया था। इनमें एक फर्म मेरठ की है और दूसरी फर्म जनपद कुशीनगर की है। मेरठ के आरोपी फर्म संचालक अब फरार बताए जा रहे हैं।

यह था मामला: नगर निगम मेरठ द्वारा संचालित सीएम योगी की प्राथमिकता वाली योजना कान्हा उपवन गौशाला में पांच गोवंशों की मौत हो गई थी। इस गोशाला में करीब 2500 गोवंशों का आश्रय है। कुछ दिन पूर्व अव्यवस्था और अफसरों की लापरवाही से पांच गोवंशों की मौत हो गई थी।

मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच में गोशाला में भारी अनियमितता देखने को मिली। करीब 40 लाख रुपया प्रतिमाह फंडिंग होने के बावजूद गोवंश भूख से तड़पते और दयनीय हालत में मिले थे। इस मामले में 21 जुलाई को थाना सिविल लाइन में नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कुलदीप कुमार ने सरकारी धन के गबन व पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। सिविल लाइन पुलिस ने नामजद आरोपी पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी/प्रभारी कान्हा उपवन गोशाला डॉ. हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरे नामजद आरोपी तत्कालीन केयर टेकर गोशाला भारत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में सरगर्मी से जुटी है।

### एक दिन पहले थाना परतापुर में हुआ था केस दर्ज

सिविल लाइन थाने में दर्ज हुए केस से एक दिन पहले यानि 20 जुलाई को इस संबंध में पहला मुक. दमा दर्ज कराया गया था। सहायक अपर आयुक्त नगर निगम मेरठ शरद कुमार पाल ने मैसर्स जैन कंप्यूटर्स मेरठ व शिवम इण्टरप्राइजेज कुशीनगर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11/1(एच) के तहत केस दर्ज कराया। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया कि गोशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए उक्त दोनों फर्मों द्वारा गोपालकों की आपूर्ति आउटसोर्स के माध्यम से की जाती है। निरीक्षण के समय संज्ञान में आया कि फर्मों द्वारा आपूर्ति किए गए गोपालक कर्मचारी निर्धारित संख्या में पिछले कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे थे और जो गोपालक उपस्थित भी थे, वे भी अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहे थे। जिसके कारण स्टॉक में होने के बावजूद भी गोवंशों को भूसा-चारा व पानी समय से नहीं दिया जा रहा था। इस संबंध में लिखित व मौखिक रूप से फर्मों को अवगत कराया गया, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ और न ही निर्धारित समय में उनके द्वारा कोई उत्तर दिया गया। फर्मों की घोर लापरवाही से गोवंशों की यह दूर्दशा हुई है। मुकदमें के बाद मेरठ के फर्म संचालक फरार बताए जा रहे हैं।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**छपार।** गांव छपार में बदमाशों ने बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों की नगदी व लाखों का सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा बसेडा में भी घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान व आभूषण चोरी हो गए।

क्षेत्र के गांव छपार निवासी रईस पुत्र शमशेर सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता है, उसकी पत्नी बच्चों के साथ कांवड यात्रा की छुटी में मायके गई हुई थी। मंगलवार देर रात में अज्ञात बदमाशों ने घर के मेन गेट पर लगे ताले को तोडकर अंदर घुस गए और तसल्ली से पुरे घर को खंगाला, बदमाशों ने अलमारी व संदूक में रखी 72 हजार की नगदी व भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात, घडी आदि चार लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह को मकान का ताला टूटा हुआ देखकर आस पडोस के लोगों को घटना की जानकारी हुई। घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। सूचना पाकर पुलिस भी वहां पहुंच गई। वहां पर ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस से घटना के शीघ्र राजफाश की मांग की है। पीडित की पत्नी कौसर जहां ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध तहरीर दी है। कांवड यात्रा में छपार में हाईवे पर जगह जगह पुलिसकर्मी तैनात थे, फिर भी बैखौफ बदमाशों ने चोरी की घटना कर पुलिस को चुनौती दी है। इसके अलावा बसेडा निवासी कपिल पुत्र किरणपाल ने दी तहरीर में बताया कि गत 18 जुलाई को वह कांवड लेने गया हुआ था, वह कांवड लेकर बरला पहुंचा तो उसकी पत्नी बरला उसका खाना लेकर आई थी, तभी पडोसियों ने उनके घर का ताला तोड़कर छ हजार की नगदी व जेवरात चोरी कर लिए थे। महिला के वापस लौटने पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस घटना की जांच में लगी है।

# पूर्व सांसद सैनी की वजह से यूपी की राजनीति में आया नया मोड़

**बुढ़ाना।** ओबीसी समाज के नेता पूर्व सांसद राजकुमार सैनी लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जिन्होंने लखनऊ में शोषित वंचित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षों के साथ बैठक कर लोक मोर्चा का गठन किया। गठन में सब राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मोतीलाल शास्त्री, तेपेंदे प्रसाद शाक्य, घनश्याम कोरी, विनेश ठाकुर, प्रमोद लोधी, बीपी अशोक, चौधरी विजय कसाना व अन्य राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद थे। जिसमें स्वामी प्रसाद मौर्य ने सब राजनीतिक व समाजिक घटक दलों को अपने क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन कराने की जिम्मेदारी दी। जिसमें लोकतंत्र रक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के हिस्से में मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल आया है। जो सैनी, पाल, प्रजापति, कश्यप, कोरी, एससी व मुस्लिम आदि पिछड़ों की बेल्ट मानी जाती है। पिछली बार पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने 104 पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को साथ लेकर इंडिया गठबंधन को बिना शर्त समर्थन दिया था। जिसमें हरियाणा में 5 लोकसभा सीट व वेस्टर्न यूपी में इकरा हसन व इमरान मसूद को लोकसभा पहुंचने का कार्य किया। फिर राजकुमार सैनी कई माह तक खामोश रहे लेकिन एक बार फिर राजकुमार सैनी ने बुलंद आवाज कर कहा कि जब तक ओबीसी समाज की हिस्सेदारी पूरी नहीं होगी मेरा सपना साकार नहीं होगा। इसीलिए राजकुमार सैनी ने शोषित वंचित समाज की हितों की रक्षा के लिए वेस्टर्न यूपी के मुरादाबाद कंठ विधानसभा क्षेत्र में 26 28 जुलाई को मेरठ मीनाक्षीपुरम सैनी फार्म हाउस व 29 में में कार्यकर्ता सम्मेलन रखा है।

# धर्म नगरी खतौली में हुआ श्री भक्तामर महामंडल विधान का भव्य आयोजन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की पावन बेला में मंगलवार को जैन समाज द्वारा श्री 1008 नेमीपारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जक्कीवाला में आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण श्री भक्तामर महामंडल विधान एवं 12 घंटे के अखंड सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन जैन मिलन श्री अरिहंत के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल जिनेंद्र भगवान के मंगलमय अभिषेक, शांतिधारा, अष्ट द्रव्य पूजन एवं संगीतमय विधान के साथ हुई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से 12 घंटे तक श्री भक्तामर स्तोत्र का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर पंडित अशोक जैन शास्त्री ने श्री भक्तामर स्तोत्र की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव की स्तुति करते हुए जो भी श्रद्धापूर्वक श्री भक्तामर स्तोत्र का पाठ करता है या उसे सुनता है, उसके अशुभ कर्मों की निर्जरा होती है, एवं उसके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूं. जता रहा। रात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने सामूहिक रूप से भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन मिलन परिवार एवं



समाज के सभी धर्मप्रेमी महानुभावों का सराहनीय सहयोग रहा। अनुष्ठान में विशेष रूप से अंकित जैन तिगाई, अंकित खेड़ा, पंकज मेडिकल, तुषांग जैन, पीयूष तिगाई, अचल जैन, मनीष जैन, नीरज जैन, अनुराग जैन, अशोक जैन, विशाल जैन, अर्पित जैन, इशांत जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य अर्जित किया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजा 'हर हर महादेव'

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को नगर के प्रमुख शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्हर-हर महाद. ेवश और श्बोल बमश के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु शिवभक्तों ने हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। नगर के झारखंड महादेव देवालय, थाम्नेवर महादेव मंदिर, भूड़ स्थित नाम्नेवर मंदिर, जानसठ रोड शिवमूर्ति, भवानी मंदिर, काली माता मंदिर और जानसठ तिराहा स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं।शिवभक्तों ने करीब 100 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा कर गंगा. जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु तड़के 4 बजे से ही मंदिरों में जुटने लगे थे। पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी पूजा-अर्चना में शामिल हुए। नगर की फिजा शिवमय हो गई।

शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ जलाभिषेक, रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिसकर्मियों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती रही। मंदिरों के आसपास यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

**मंदिर समितियों ने लगाया विशाल भंडारा**

मंदिर समितियों और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद, पूड़ी-सब्जी, हलवा और शरबत आदि वितरित किया गया। भंडारों में लोगों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

**भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम**

नगरवासियों ने शिवभक्तों का स्वागत फूल वर्षा और सेवा के माध्यम से किया। स्थानीय युवाओं और समा.



जसेवी संगठनों ने कावड़ियों के ठहरने, जलपान व प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की। जगह-जगह शिवभक्ति से सराबोर झांकियां और सजावटें आकर्षण का केंद्र रहीं।

श्रद्धा और उत्सव की अनुपम छटा

महाशिवरात्रि के इस पर्व पर नगर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। शिवालयों की घंटियों की ध्वनि और श्हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

# एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने की चुनावी चर्चा

**बुढ़ाना।** कस्बे में बीती मंगलवार की देर रात आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष अब्दुल रहीम के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें आने वाले ज़िला पंचायत के चुनाव पर जोरदार चर्चा की गयी।

बैठक में बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ का पार्टी का वार्ड अध्यक्ष सर्व सम्मति से जुनेद सिद्दीकी को बनाकर उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया और आशा जताई गयी कि वे पार्टी को मजबूत करने का काम करते हुए दस दिन के भीतर वार्ड की पूरी कार्यकारिणी गठित करते हुए जिला अध्यक्ष को अवगत कराएंगे।



जिस पर नवनियुक्त पदाधिकारी जुनैद सिद्दीकी ने बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वे पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। सभी ने नये वार्ड अध्यक्ष जुनैद का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारुकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष अब्दुल रहीम, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव इरफ़ान सिद्दीकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अब्दुल वहाब, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के संगठन मंत्री राशिद अंसारी आदि पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



शामली। शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। छाया शाह टाइम्स







शामली। शिवरात्रि पर्व पर भजनों की थाप पर नृत्य करते कांवड़िए। छाया शाह टाइम्स

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, बारिश से मिली शिवभक्तों को राहत

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आस्था का अद्‌भुत नजारा देखने को मिला। बुधवार को तड़के से ही शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी बारिश भी भक्तों की श्रद्धा, आस्था और भक्ति के जुनून को नहीं रोक सकी। हर गली, हर चौक और मंदिरों के प्रांगण में ष्बोल बमष, ष्हर हर महादेवष, और ओम नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे।शिवरात्रि के दिन नगर के प्रमुख शिवालयों कचौरीनाथ मंदिर, मराठा कालीन जस्सू वाला मंदिर, दयाल आश्रम, पचतीर्थी मंदिर, बाला जी धाम, ठाकुर द्वारा मंदिर, शिव मंदिर मोहल्ला कम भोयान, राजों की मोरी, कानूगायान, मुजावरान और खैल सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक किया।

मंदिरों में बुधवार तड़के चार बजे विशेष हवन, पूजन और आरती के बाद जलाभिषेक की प्रक्रिया आरंभ हुई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन किया। खास बात यह रही कि बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ लंबी कतारों में खड़े होकर जल चढ़ाया।इस अवसर पर हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले कांवड़िए भी मंगलवार से ही नगर में पहुंचने लगे थे, जिन्होंने शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया।क्षेत्र के गांवों रसीदगढ़, नोजल, कैल शिकारपुर, मुल्लापुर, कादरगढ़, खानपुर आदि में भी कांवड़ियों और ग्रामीण श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक शिवरात्रि पर्व मनाया। मंदिरों में भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों ने विशेष व्यवस्थाएं कीं।शिवरात्रि पर्व के सफल आयोजन और भक्तिमय वातावरण से नगर और ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह शिवमय हो गया। श्रद्धा, भक्ति और आस्था की यह अनुपम झलक क्षेत्रवासियों के लिए अविस्मरणीय बन गई।

### जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

**शामली।** सावन मास की शिव. रात्रि पर जिलेभर के शिवालयों में सुबह चार बजे से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष को बेल पत्र अर्पित करके दूध, दही, शहद, गंगाजल पंचामृत से जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की। देशी घी का दीपक प्रज्ज्वलित करके मनोकामनाएं मांगी। शिवालयों में पूरे दिन बोल बम-बम का जयघोष गूं. जता रहा। जिससे शहर शिवमय हो गया। भगवान शिव का जलाभिषेक का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

बुधवार सुबह चार बजे से शिवालयों में श्रद्धालुओं का पूजा, अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए आगमन शुरू हो गया। हनुमान धाम मनकामेश्वर शिवमंदिर, शिव चौक, रेलपार सदाशिव मंदिर, शिव-दुर्गा मंदिर रेलपार, शहर के माजरा रोड भाकूवाला शिव मंदिर, कैराना रोड स्थित सिद्धपीठ गुलजारी वाला शिव मंदिर, मौहल्ला पंसारियान स्थित गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, पंजाबी कॉलोनी रघुनाथ मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर, शिवगंज मंडी स्थित शिव मंदिर, बरखंडी स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक कुटी वाला मंदिर, शिव गंगा मंदिर, टंकी रोड माता वैष्णो देवी शिव मंदिर, बुढ़ाना रोड बलभद्र शिव मंदिर, करनाल रोड स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर, खेडीकरमू शिव मंदिर, कंडेला बिजलीघर आदि शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष को बेल पत्र, पुष्प, चौलाई के लड्‌डू, बेर आदि अर्पित किए। गंगाजल, दूध दही, गंगाजल, शहद से जलाभिषेक करके देसी घी का दीपक प्रज्ज्वलित करके मन्नतें मांगी। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी लाइनें रही रही। शिवालयों में श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने के लिए कई कई घंटे इंतजार करना पड़ा। सबसे ज्यादा भीड शहर के गुजलारी वाला शिव मंदिर और भाकूवाला शिव मंदिर में रही, जहां देर रात्रि तक जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड रही। मंदिर प्रबंधक कमैटी के पदा. धिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई थी। जहां दर्जनों सेवादार भी लगे रहे, जो शिवभक्तों को जलाभिषेक करने के लिए मदद कर रहे थे। शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा।



### भजनों की आवाज से गूंजा शहर

**शामली।** हरिद्वार से डीजे लगी डांक कांवड़ के वाहन शामली से होकर दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा के लिए गुजरे। सुबह से लेकर शाम चार बजे तक डीजे लगी डांक कांवड़ वाहनों पर भगवान झंडे नजर आए। शहर में डीजे पर भगवान शिव के भजनों की आवाज गूंजती रही। डांक कांवड़ वाहनों के साथ शिवभक्तों की टोली दौड़ती रही। बाइकों की आवाज गूंजती रही। डाक कांवडियों के वाहनों को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुलिस की व्यवस्था की थी। कांवड यात्रा के आखिरी दिन गंगानगर, हनुमान गढ़, राजगढ, सिरसा, मेवाड़, सिरसा, हिसार, रो. हतक, भिवानी, गोहाना, सोनीपत, करनाल, असंद, झुंझनू, फतेहाबाद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, फरीदाबाद, पानीपत आदि जिलों की ओर भागमभाग मची रही। डाक कांवड़ वाहनों में ट्रक, टेंपो, मैजिक, छोटा हाथी, बाइक, साइकिल से कांवड़िए गुजरते रहे। डीजे पर शिव के भजन से पूरे दिन समूचा कांवड़ मार्ग शिवमय रहा। सबसे ज्यादा बाइकों की संख्या रही। एक अनुमान के अनुसार शामली से करीब दो लाख बाईके पर कांवडिए शिवालयों की ओर बढेघ् है। शामली से होकर गुजरने वाले कांवड़ियों की संख्या करीब 10 लाख के पार बताई गई है हालाकि अभी जिला प्रशासन ने सही आंकडा प्रस्तुत नही किया है।

### शिव की झांकियों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**शामली।** शिवरात्रि पर्व को लेकर देर रात्रि सड़कों पर भगवान शिव की झांकियों की धूम रही। रातभर कांवड़ियों का शहर की सड़कों पर कब्जा रहा। शिवरात्रि पर अपने अपने शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए सडकों पर दौड़ लगाते रहे। शहर के शिव चौक पर कांवडियों को देखने के लिए महिला, पुरूषा व बच्चों की भारी भीड़ उमडी। देर रात्रि करीब 12 बजे तक भी भीड़ कम न होने पर पुलिसकर्मियों ने स्वयं की लोगों को घरों को भेजने शुरू किया, जिसके बाद सड़के खाली हो सकी। भगवान शिव की सुंदर झांकियों को लेकर पहुंचे कांवडियों को शहर के अनेकों स्थानों पर स्वागत भी किया गया। कांवड़ियों द्वारा लाई जा रही भगवान शिव की सुंदर झांकियों को देखने के लिए महिलाऐं शहर के बीच रखे डिवाईडरों पर बैठी रही। हालात यह थे कि जिसका जहां जगह मिली वही खडा हो गया। दुकानों की छतों पर भी महिला-पुरूषों की भीड़ रही। भगवान शिव की झांकियों में कई नृत्य और कलात्मक झांकियां भी शामली से होकर गुजरी।

### पुलिस ने बनाए रखी सुरक्षा व्यवस्था

**शामली।** सावन माह के चलते बुधवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शहर के प्रमुख शिवालयों में मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे और किसी भी श्रद्धालु को बिना जांच के प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

सावन मास की शिवरात्रि में शिवालयों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने शहर कें मुख्य मंदिरों में सुरक्षा व्यावस्था को पुख्ता किए रखा। जिसमें शहर के मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला, कैराना रोड़ स्थित गुलजारी वाला शिव मंदिर में पुलिस के साथ-साथ बम निरोधक दस्ते की टीम ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर देर रात ही शिवालयों में पहुंचकर गहन जांच-पड़ताल की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की गई। मंदिर गेट पर जलाभिषेक करने आने वाले लोगों की जांच के लिए मेटल डिटेक्टर मशीन लगाई गई थी। जहां से जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान पूरे दिन पुलिसकर्मी मुस्तैदी से ड्‌यूटी पर तैनात रहे।

### कांवड़ सेवा शिविरों में सराहनीय कार्य के लिए मिला सम्मान

**शामली।** शहर में लगे कांवड़ सेवा शिविरों में सावन मास की शिव. रात्रि के साथ ही समापन हो गया। कांवड़ सेवा शिविरों में सराहनीय कार्य करने वाले सेवादारों, बच्चों, चिकित्सकों, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।





शामली। शिवरात्रि पर्व पर जल चढ़ाने को लगी कतार। छाया शाह टाइम्स

पिछले 11 जुलाई से शहर में चल रहे दर्जनों कांवड़ सेवा शिविरों का शिवरात्रि पर जलाभिषेक के साथ ही समापन हो गया। शहर के कैराना रोड़ स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड़ सेवा शिविर का देर रात महाआरती के साथ समापन हुआ, जिसके यजमान समाजसेवी कुशांक चौहान व डा। जनेश्वर चौहान रहे। शिविर में लगे मेडिकल कैंप में 6 हजार कांवड़ियों को प्राथमिक उपचार, 10 हजार को भोजन और तीन हजार से अधिक कांवड़ियों की आधुनिक मशीनों से पैरों की मालिश कराई गई। शिविर में भाग लेने वाले सभी चिकित्सकों की टीम, बच्चों व सेवादारों को सम्मानित किया गया। शिविर में पांच वर्ष के बालक कान्हा द्वारा पूरे 12 दिनों तक कांवड़ियों की सेवा करने पर सराहना की गई और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्वेता चौहान, डा। राजीव, डा। अक्षय, डा। नदीम, डा। राजाराम, डा। गुंजन, डा। शबनम, डा। सोनम, डा। सावेज आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के मंदिर हनुमान धाम पर चल रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निशुल्क कांवड़ चिकित्सा शिविर का समापन पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने किया। इस दौरान उन्होने शिविर में भाग लेने वाले चिकित्सकों, सेवादारों, व समाजसे. वियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर अंकित गोयल, संजीव कुमार, सलिल द्विवेदी, विजय कौशिक, रोबिन गर्ग, अनुराग शर्मा, डा। मुकुट मोहन संगल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील के निकट हनुमान मंदिर में चल रहे सर्व समाज ककल्याण समिति एवं नामदेव युवा जनकल्याण समिति के कांवड़ सेवा शिविर का समापन हो गया। मुख्य अतिथि पुनित द्विवेदी रहे। मौके पर रजनीश नामदेव, मोहित, मनुज कंबोज, पवन नामदेव, मुकेश सक्सेना, देवेंद्र धानिया, अजय संगल, मुकेश नामदेव आदि मौजूद रहे।



शामली। बेहतर कार्य करने पर किया गया सम्मान।

### बारिश के बीच गंतव्यों तक पहुंचे शिवभक्त

**शामली।** बुधवार सवेरे आई झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकी। बारिश होने से भगवान शिव के भक्त कांवड़ियों को राहत मिली वह वह बारिश के बीच ही अपने गणत्वयों की ओर तेजी से रवाना हुए। बुधवार को सवेरे से ही आसमान में काले बादल छा गए थे। ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया था। सवेरे करीब 8:30 बजे अचानक बारिश शुरू हो गई। झमाझम बारिश होने से लोगों को पिछले कई दिनों से पड रही उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकी। वही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्त कांवड़ियों को भी बारिश होने से राहत मिली। बारिश में भीगते हुए कांवड़िए अपने गणत्वयों की ओर रवाना हुए। बारिश के बाद कई स्थानों पर कीचड़, जलभराव जैसी समस्याऐं भी उत्पन्न हो गई है। शहर के कैराना रोड़, एमएसके रोड़, दिल्ली रोड़, कबाड़ी बाजार, माजरा रोड़, सती मंदिर रोड़, पंसारियान, कलंदरशाह में कीचड़ फैलने से भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। सवेरे जलाभिषेक करने जाने वाले श्रद्धालु खासा परेशान रहे।

## कांवड़िए की बाइक में अचानक लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सवेरे हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे एक शिवभक्त कांविड़ए की बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से कांवड़ मार्ग पर अफरा तफरी मच गई और सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग लगने से बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी है।

बुधवार को हरियाणा निवासी कांवड़िए बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने शिवालयों की ओर बढ रहे थे। बताया जाता है कि जब वह शहर के गुरूद्वारा तिराहा स्थित धीमानपुरा फाटक पर पहुंची थे बाइक में सलेंसर न होने से हुए शॉर्ट सर्किट से बाइक में अचानक आग लग गई। इससे पहले कि कांवड़िए कुछ कर पाते बाइक में लगी आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। इस दौरान कांवड़िए भी आग लगी बाइक को छोडकर फरार हो गए और अपनी जान बचाई। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने से बाइक जलकर राख हो गई। गरीमत रही कि हादसे के समय तेज बारिश हो रही थी अन्यथा कांवड़ मार्ग पर कोई बडी अनहोनी घटना हो सकती थी।



## बाल साहित्य समवर्धन योजना के तहत किया जाएगा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सूचना अधिकारी, शामली ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य समवर्धन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले दस बाल साहित्य सम्मानों यथा-सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान, सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान, निरंक. ार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखन सम्मान, अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान, शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान, लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान, डॉ. रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान, आचार्य कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान, जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान एवं उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान के लिए सात्यिकारों साहित्यिक संस्थाओं से संस्तुतियां आमंत्रित हैं।

संस्तुतिकर्ता का स्पष्ट नाम-पता, दूरभाष सहित तथा जिसके नाम की संस्तुति की जा रही है, उसका जीवनवृत्त संस्तुति प्रपत्र के साथ संलग्न होना अनिवार्य है। प्रत्एक सम्मान की धनराशि इक्यावन हजार होगी।

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ बाल साहित्य सम्मानों हेतु संस्तुति प्रपत्र वर्ष 2023 सम्मान का नाम जिसके लिए संस्तुति की जा रही है। 1. साहित्यकार का नाम, 2. जन्म तिथि, 3. जन्म स्थान, 4. प्रकाशित साहित्य, 5. पूर्व में प्राप्त पुरस्कार/सम्मान आदि का विवरण, 6. अन्य साहित्यिक उपलब्धियां, 7. सम्पर्क सूत्र (दूरभाष सहित) संस्तुतिकर्ता का स्पष्ट नाम व पता दूरभाष सहित।

एक संस्तुति प्रपत्र पर किसी एक साहित्यकार के नाम की संस्तुति ही मान्य। संस्तुति प्रपत्र के साथ साहित्यकार का जीवनवृत्त लगाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त संस्तुतियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त समस्त बाल साहित्य सम्मान संस्थान द्वारा सम्बन्धित नियमों के अन्तर्गत प्रदान किए जाएंगे, जिन पर संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार की आपत्ति अस्वीकार्य होगी।

उपर्युक्त बाल साहित्य सम्मानों हेतु संस्तुतियां बाल साहित्य सम्मान सम्बन्धी शीर्षक से निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी भवन, 6 महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001 को भेजी जाएगी। जिसकी अन्तिम तिथि 18 अगस्त, 2025 है। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान बाल साहित्य सम्मान नियमावली, 2015, संस्तुति प्रपत्र तथा सम्मानों से सम्बन्धित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.uphindisansthan.in पर उपलब्ध है। सम्मानों की संस्तुतियां व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा मूल रूप में हस्ताक्षर सहित संस्थान को भेजनी होगी।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीड़ित कूड़ा सिंह पुत्र बारू सिंह निवासी ग्राम पावटी कलां ने बताया कि उसकी जमीन खाता संख्या 77, खसरा नंबर 451, पर एसडीएम कैराना ने 29 अप्रैल 24 को स्टे ऑर्डर जारी किया था। इसके बावजूद 16 मार्च की शाम गांव के देशपाल, रामपाल कश्यप, राजू, प्रदीप और एक अज्ञात व्यक्ति ने खेत में लगे तीन सफेदा के पेड़ काटकर उठा ले गए। जब कूड़ा सिंह को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचा और झिंझाना के गाड़ीवाला चौराहे के पास उन्हें रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित कूड़ा सिंह ने इस संबंध में 16 मार्च और 3 मई को थाना झिंझाना में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने 9 जुलाई को कैराना न्यायालय में अर्जी लगाई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार नामजद सहित पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारी से कोतवाल बन ठगी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन थाने के कोतवाल के नाम से कॉल कर पहले सामान का बिल बनवाया गया। तदपश्चात् व्यापारी से पैसे खाते में ज्यादा गिर जाने की बात कह कर ठग ने पैसे ठगने का प्रयास किया। व्यापारी की सूझबूझ से व्यापारी ठगी से बच सका।

थाना भवन नगर के चरथावल बस स्टैंड के पास स्थित विजय आर्य की आर्य पेंट स्टोर के नाम से दुकान है। मंगलवार को उनके फोन पर व्हाट्सएप कॉल आया। जिसने बताया कि वह थाना भवन थाने का कोतवाल संतोष कुमार बोल रहे हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पेट की आवश्यकता है जिसके लिए पहले संतोष कुमार ने पेट की डिटेल नोट कराई तथा एक सिंपल पेपर पर खर्च के लिए पूछा। तत्पश्चात संतोष कुमार ने बताया थाने में माल भेजना है जिसके लिए पक्का बिल बना दो। दुकान के नियम के अनुसार व्यापारी ने पक्का बिल काट दिया इसके बाद माल भेजने की बात हुई तो व्यापारी ने भुगतान के लिए कहा। जिस पर तथाकथित कोतवाल संतोष कुमार ने भुगतान दो किस्तों में करना बताया। कुल भुगतान 11,110 रूपयों के भुगतान में पहले रु. 6000 के भुगतान का मैसेज भेजा गया इसके बाद दूसरा भुगतान करते हुए 5110 रुपयो के स्थान पर 51100 रुपये के भुगतान का मैसेज भेजा गया तथा बताया गया की गलती से फालतू पेमेंट डल गई है अतः व्यापारी को कहा गया कि बाकी के 45000 रुपए वापस उनके खाते में भेज दो इस पर व्यापारी ने कहा कि अभी तक उनके खाते में कोई भुगतान नहीं आया है व्यापारी पर इस दौरान तथा कथित कोतवाल साहब ने पुलिस का खूब भी दिखाने का प्रयास किया और कहा कि तुरंत भुगतान करो अन्यथा कार्रवाई कर दूंगा जिस पर व्यापारी ने कहा कि जब तक भुगतान उनके खाते में क्लियर नहीं होता तब तक में कोई अन्य कार्रवाई नहीं करेंगे। व्यापारी ने बैंक में जाकर देखा तो उसके खाते में कोई भुगतान नहीं आया था। जिस पर व्यापारी ने कथित कोतवाल साहब से कहा कि मैं अभी थाने पहुंच रहा हूं आप वहीं पर मिलना मैं आपको बाकी का भुगतान चेक से कर रहा हूं इसके बाद फर्जी कोतवाल साहब का फोन बंद हो गया। सूझबूझ से बड़ी ठगी होने से बच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।

# संघर्ष में घायल की मौत, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** दो दिन पहले प्लाट की नींव भरने को लेकर ढीक्का टबरा में हुए खूनी संघर्ष में गंभीर घायल हुए युवक की मंगलवार को चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिए थे। जिन्हें मय आला कत्ल के न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरक्षक के नेतृत्व में ढीक्का टबरा में हुए खूनी संघर्ष में पीड़ित वादी शहीद पुत्र यासीन की तहरीर पर वादी के परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करना जान से मारने की धमकी देना में वादी के परिवारजन एहतेशाम, तज्जमुल, नईम व लड़की तबुसुम को घायल होने एवं गंभीर घायल 25 वर्षीय पुत्र अब्दुल रहीम उर्फ सोनू के चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर चारों वांछित अभियुक्तों उस्मान, अब्दुल करीम, जावेद, पुत्रगण मुस्ताक एवं जर्रार उर्फ भूरा पुत्र इस्तियाक निवासी ढीक्का टबरा थाना सरसावा को सोमवार शाम एसबीडी जिला अस्पताल सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने आला कत्ल बरामद कर मंगलवार को चारों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहे है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शाहजहांपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनय कुमार, एवं उपनिरीक्षक गौरव कुमार, उप निरक्षक आकाश कुमार, हैड कास्टेबल प्रदीप कुमार, कास्टेबल, दीपक कुमार शामिल रहे।

# कुत्ते से टकराकर दम्पति घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** मानकी मन्दिर से जल चढ़ाकर लौट रहे बाइक सवार दम्पति की बाइक कुत्ते से टकरा गई जिसके कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गए, परिजनों ने घायलों को मुजफ्फरनगर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव मनोहरपुर निवासी राजबीर पुत्र मोहकम अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर मानकी मन्दिर से महादेव का जलाभिषेक कर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह साखन नहर के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया । जिसके कारण बाइक सवार दम्पति हाईवे पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही उनके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और आनन फानन में घायलों को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें आवश्यक प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन सिर में अन्दरूनी चोट होने के कारण घायल बेसुध दिखाई दिए। जिसके बाद चिकित्सक ने गम्भीर हालत के चलते घायलों को रेफर करने का परामर्श दिया। तत्पश्चात घायलों के परिजन उन्हें मुजफ्फरनगर एक निजी अस्पताल में उपचार कराने के लिए रवाना हो गए।

# किशोर से कुकर्म के दो आरोपी हत्थे चढ़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्रिकेट मैच में महज 50 रुपये की शर्त हारने के बाद पैसे न देने पर एक नाबालिग किशोर के साथ कुकर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही तीन बाल अपचारियों को भी पुलिस ने निरुद्ध किया है।

यह सनसनीखेज मामला 20 जुलाई 2025 का है। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित किशोर के पिता ने दर्ज कराई थी। शिकायत में मौहल्ला इकराम निवासी दो सगे भाई अजय और विजय पुत्रगण नसीब समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाही करते हुए मामले में पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर बुधवार को थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों मुख्य आरोपियों अजय और विजय को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा तीन बाल अपचारियों को भी निरुद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं मामले में नामजद दो फरार आरोपियों की तलाश अभी जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर, एसआई लक्ष्मण सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक मान, मदनजीत, कांस्टेबल रोहित राणा, जितेंद्र कुमार व होमगार्ड प्रीतम सिंह शामिल रहे।

## मरणोपरांत दो लोगों को दी रोशनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मौहल्ला नजूल निवासी एक व्यापारी ने मरणोपरान्त नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों के संसार को रोशनी प्रदान कर दी।


मौहल्ला नजूल निवासी दीनदयाल गर्ग ने मरणोपरान्त नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों के संसार को रोशनी प्रदान कर दी। उनके सुपुत्र पार्थ गर्ग के अनुरोध पर दृष्टि एक प्रयास के माध्यम से रोशनी मानव सेवा ट्रस्ट से संबद्ध रोशनी आई बैंक सहारनपुर के अध्यक्ष सूरज जैन, चीफ मेडिकल डायरेक्टर डा. श्वेता एवं मैनेजर सिया कश्यप ने गंगोह आकर नेत्रदान के पुनीत कार्य को सम्पन्न कराया। दृष्टि एक प्रयास के अध्यक्ष अमित गर्ग ने बताया कि गंगोह क्षेत्र से अभी तक 42 जोड़ी नेत्रदान मरणोपरान्त कराये जा चुके हैं, जिनसे 84 नेत्रहीनों को उनकी आंखों की रोशनी वापिस लौटाई जा सकी है।

# मानस पुत्रियों की कथा का वृतांत सुनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** चोरीमंडी गांव के शिव मन्दिर में चल रही शिव महापुराण के तेरहवे दिन कथा वाचक महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने पितरों द्वारा मन से उत्पन्न देवियों की कहानी का वृतांत सुनाया।

महाराज ने बताया कि एक बार पितरों ने भगवान शंकर की स्तुति कर अपनी मानस कन्याएँ उत्पन्न करने का वरदान मांगा। भगवान शंकर के आशीर्वाद से पितरों ने अपनी मानसिक शक्तियों से तीन देवियों को उत्पन्न किया। जिन्हे सनत्कुमार के श्राप के कारण पृथ्वी लोक पर जन्म लेना पडा। तीनों मानस पुत्रियों ने मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद भी अपने कर्मों के फल स्वरूप क्रमशः पार्वती, सीता और राधा के रूप में जन्म लिया और अपने-अपने लोकों को प्राप्त किया। पितरों की तीन



मानस पुत्रियाँ मेना, धन्या और कलावती हैं।

पितरों की सबसे बड़ी पुत्री मेना का विवाह हिमालय पर्वत के साथ हुआ और उन्हें पार्वती जी के रूप में पुत्री प्राप्त हुई। दुसरी पुत्री धन्या का विवाह जनकवंश में उत्पन्न राजा सीरध्वज के साथ हुआ, और उन्हें सीता जी के रूप में पुत्री प्राप्त हुई, जिनका विवाह विष्णु के अवतार श्री राम से हुआ। पितरो की सबसे छोटी पुत्री का विवाह वृषभानु जी से हुआ, और उन्हें श्री राधा जी की माता होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इन तीनों पुत्रियों को मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद भी, उनके कर्मों के कारण, क्रमशः शिवलोक, वैकुण्ठ और गोलोक की प्राप्ति हुई, जो उनके शाप का ही एक फल था। इस प्रकार, शिव महापुराण में पितरों की मानस पुत्रियों को श्राप के माध्यम से मुक्ति और उच्च लोकों की प्राप्ति की कहानी, भक्ति और कर्मों के महत्व को दर्शाती है।

# शिकारियों ने वन गुर्जर की भैंस को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** बीती रात मोहण्ड के जंगल में शिकारियों की आहट सुनाई दिए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात शिकारी गिरोह के द्वारा वन्य जीव पर गोली चलाते हुए वन गुर्जर की भैंस निशाना बन गई। इस दौरान पालतू भैंस लहूलुहान हो गई और इतनी गम्भीर है कि इस वक्त खड़ी भी नही हो सकती। भैंस को गोली लगने की सूचना मिलते ही तमाम वन गुर्जरों में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के मुताबिक मोहण्ड रेंज की शाहांजहापुर बीट स्थित नाई सोत में वन गुर्जर सफरू अपनी भैंसों के साथ परिवार सहित लकड़ी और घास-फूंस का डेरा बनाकर वर्षों से रह रहा है बुधवार सुबह करीब छः बजे उसके परिजनों



ने देखा कि एक भैंस उठ नहीं पाई, नजदीक से देखा तो उसके अगले हिस्से पर गर्दन के समीप गोली लगी हुई है। पीड़ित वन गुर्जर सफरू पुत्र अली शेर निवासी मोहण्ड ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस चौकी मोहण्ड पर करते हुए कथित शिकारियों का सुराग लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर इस बारे में वन क्षेत्राधिकारी मोहण्ड लव सिंह का कहना है कि जंगल में शिकारियों की गोली से वन गुर्जर की भैंस घायल हुई या मामला कुछ और है इसकी गहनता से जांच कराई जाएगी, आज ही बुधवार शाम इस प्रकरण को लेकर वन गुर्जरो के साथ अधिनस्थ स्टाफ की भी मीटिंग बुलाई जा रही है। वन गुर्जरों की भैंसें कहीं-कहीं जंगल से बाहर कृषि क्षेत्रों में भी घास चरती है, सम्भवतः घटना जंगल के बाहर भी घटित हो सकती है, यह सभी जांच के बिंदु है। उक्त घटना के बाद वन गुर्जरों में दहशत का माहौल है।

## सर्वसम्मति से प्रदीप गोयल बने अध्यक्ष



**नकुड़।** आर्य समाज मंदिर समिति नकुड़ के वार्षिक चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप गोयल को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोयल ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आर्य समाज के सिद्धांतों के अनुरूप सेवा शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। समिति के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संस्था अधिक सक्रिय व सशक्त बनेगी।

# अपर नगर आयुक्त का गौशाला में निरीक्षण

**सहारनपुर।** मेरठ गौशाला में गौवंश की दुर्दशा से सजग हुई प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का शासन द्वारा प्रदत्त प्रारुप के अनुसार 18 बिंदुओं पर निरीक्षण किया। अपर नगरायुक्त ने गौशाला/नंदीशाला की सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त देखकर संतोष व्यक्त किया और इस सम्बंध में गौशाला प्रभारी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया है।

अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव आज दोपहर नवादा रोड स्थित श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अपर नगरायुक्त को बताया कि गौशाला व नंदीशाला में



588 गौवंश का रख रखाव किया जा रहा है। उनके भरण पोषण के लिए फिलहाल गौशाला में 641 कुंतल भूसा, 67.60 कुंतल हरा चारा, 840 कि.ग्रा चूनी चोकर तथा शुद्ध पेयजल के लिए तीन सबमर्सिबल पम्प और बारिश व सर्दी-गरमी से गौवंश के बचाव के लिए 10 टीन शेड बनाये गए हैं। उन्होंने गौशाला में उक्त सब व्यवस्थाएं और उनका रिकॉर्ड दुरुस्त पाया। बताया गया कि गौवंश की देखभाल के लिए दोनों शिफ्ट में कुल 37 श्रमिक नियुक्त है तथा डॉ. के के नागर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रदीप कुमार और वेटेनरी सहायक अंकित कुमार द्वारा नियमित उपचार व परीक्षण किया जा रहा है। शत प्रतिशत ईयर टैगिंग व टीकाकरण किया जा चुका है। अपर नगरायुक्त ने बीमार चार गौवंश और उनके उपचार के सम्बंध में भी जानकारी ली और रिकॉर्ड की जांच की। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बायोगैस, वर्मीकम्पोस्ट, गौमय प्राकृतिक पेंट, गोनाईल व अन्य गौ-उत्पाद दीये, मूर्तियां, कलाकृतियां, राखी, ओम, स्वास्तिक, तिरंगा चौस्ट बैज, धूपबत्ती, हवन कप, आदि के माध्यम से अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्था है। अपर नगरायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे क्रियाशील पाये। जल निकासी की उचित व्यवस्था तथा जलभराव की कोई स्थिति नहीं पायी गयी। अपर नगरायुक्त ने बताया कि निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गयी है।

## पौधों का रोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल द्वारा एक वर्क मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिसर में पीपल, बरगद, नीम व अन्य औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

सहारनपुर मार्ग स्थित कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अतुल मित्तल ने पौधा लगा कर किया किया। उन्होने पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पौधों की सुरक्षा व लालन-पालन का जिम्मा लेने का भी संकल्प दिलाया। अरविंद पाल सिंह कपूर व अध्यक्ष दीपक बंसल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर परिसर में पीपल, बरगद, नीम व अन्य औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

# मरहूम हाफिज खलील के घर पहुंचे मौलाना फरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर बेहट में बस स्टैंड वाली मस्जिद के मुतवल्ली हाजी हाफिज खलील अहमद (टोपीवाले )के इंतकाल की खबर सुनने के बाद सामाजिक, राजनीतिक, और धार्मिक उलेमाओ का उनके घर पर दुख जाहिर करने के लिए ताता लगा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व हाजी खलील अहमद शेख का हृदय गति रुक जाने के चलते निधन हो गया था। उनके इंतकाल की सूचना मिलने के बाद लोगों का उनके आवास पर दुख जाहिर करने के लिए ताता लगा हुआ है। बुधवार को जामा मस्जिद सहारनपुर के प्रबंधक मौलाना फरीद अहमद मरहूम हाजी हाफिज खलील अहमद के आवास पर पहुंचे और उन्होंने उनके परिवार के लोगों से



मिलकर दुख का इजहार किया उन्होंने कहा कि हाजी खलील अहमद एक अजीम शख्सियत थी जो अब हमारे बीच से चली गई है,उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। मरहूम हाजी खलील अहमद शेख के आवास पर पहुंचने वालों में मुख्य रूप से बेहट विधायक उमर अली खान,कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान, युवा भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी,जनता इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अरुण गौतम,,पूर्व सभासद आसिफ नबी, शानू भारती, हाफिज मेहंदी हसन, हाजी आफताब पीरजादा,मुंशी इलियास, नौशाद कुरैशी, साजिद शेख,शमीम अहमद,मिर्जा हबीबुर रहमान, मिर्जा आरिफ, सुभान एडवोकेट, मोहम्मद इरशाद मलिक आदि ने दुख जताया।

## कांवड़िए किए सम्मानित



**अंबेहटा।** कस्बे में लगे श्री शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा हरिद्वार से 121लीटर गंगाजल की कांवड़िए बीसवीं कावड़ लेकर आए और अन्य कांवड़ियों को सम्मानित किया गया। शिव कावड़ सेवा समिति के प्रधान नरेश गोयल, ने बताया कि हरिद्वार हर की पोडी से 121 लीटर गंगाजल की कावड़ लेकर अबेहटा पहुंचे प्रवीण कुमार,अनमोल कुमार,सुभम कुमार और गांव रन्ढडी के बीसवीं कावड़ लेकर आए संजय कुमार, 6 वर्षीय शिवा कश्यप पुत्र सोनू कश्यप अबेहटा, दीपक धीमान अबेहटा सात वर्षीय अचिंत कुमार अबेहटा को 11 लीटर की कावड़ लाने पर श्री शिव कावड़ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उनकी भक्ति, संकल्प,और कठिन तपस्या की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान विनोद चौधरी ढायकी, मुकेश कश्यप,राजू चौधरी, अंजय सैनी,वीर सिंह कश्यप, टिंटू चौधरी, महावीर उपस्थित रहे।

# महिला की मौत में चार शिकारी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** शिवालिक वन प्रभाग की मोहण्ड रेंज से सटे कृषि इलाके में जंगली जानवरों का शिकार करने वाले उत्तराखंड के सक्रिय शिकारी गिरोह ने क्षेत्र में दहशत फैला रखी है, खूंखार कुत्तों को देहरादून से यहां लाकर शिकार की तलाश में दिन-रात इस इलाके में घूम रहे हैं, ग्रामीणों का कहना है कि इन शिकारियों की गतिविधियों पर उन्हें संदेह था लेकिन कुछ दिनों से इन्हें पकड़ने का वह साहस नहीं जुटा पाए, वन विभाग को ऐसे लोगो पर नजर रखनी चाहिए।

गौरतलब है कि कल मंगलवार की देर शाम शिकारियों के खूंखार कुत्तों ने सतपुरा गांव के समीप उसी गांव की एक वृद्ध महिला श्रीमती तारा देवी पत्नी सुरेश पर जानलेवा हमला कर उसे नोच-नोचकर



लहुलुहान कर दिया। आस-पास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों की भीड़ ने महिला का शोर सुनकर दो कुत्तों सहित चार शिकारियों को जबरदस्त घेराबंदी कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, घायल तारा देवी (60 वर्ष) ने थोड़ी देर बाद तड़प-तड़पकर खेत में ही दम तोड़ दिया था। थाना पुलिस ने इस मामले में मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और पकड़े गए चारों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद खान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की मदद से पकड़े गए चार शिकारियों में बिलास पुत्र विक्रम, लक्की उर्फ लकी पुत्र गंगाराम, नीरज पुत्र लक्ष्मण व टिंकू पुत्र किशन शामिल हैं। यह चारों आरोपी शिकारी थाना नेहरू कालोनी देहरादून क्षेत्र अंतर्गत गांव मोथरावाला स्थित बंजारा बस्ती (सपेरा बस्ती) देहरादून उत्तराखंड में रहते हैं। इनके खिलाफ मृतक महिला तारा देवी के पुत्र अमित कुमार की तरफ से मुकदमा अपराध संख्या 73/2025 धारा 106 (1), 291 बीएनएस व 9/51 वन्य जीव जंतु संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, बृजपाल सिंह, अशोक कुमार, हैंड कांस्टेबल सोनू पायला, रवि कुमार व गौतम आदि शामिल रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी यू.पी. बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2023 की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक संख्या 1230571835 है, वास्तव में कहीं खो गई है।

**मौ0 उवैस पुत्र मौ0 असलम**
निवासी- कुंडा खुर्द, गंगोह,
सहारनपुर- 247341.

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ. फैसल व उसकी पत्नि श्रीमति फरहा नाज को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति रूकसाना पत्नि स्व. शाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला मेहंदी सराय, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने दामाद मौ. फैसल से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में वह अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। न कि मैं व मेरा परिवार।

**श्रीमति सितारा बेगम पत्नि राशिद अहमद निवासी गली नम्बर-1, पीरवाली गली, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**

**शहीद ऊधम सिंह महाविद्यालय**

खिजरपुर चक मु.पुर (चको), डाकघर बेहट, जनपद सहारनपुर 247121
(सम्बद्ध :- मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुंवारका, सहारनपुर) 247120

**विज्ञप्ति/आवश्यकता है**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में शिक्षण की सुचारू व्यवस्था हेतु अग्रलिखित विवरणानुसार विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है :-

| क्र. सं. | पद | संख्या | न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | असिस्टेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) | 01 | यूजीसी के अनुसार |
| 2. | असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षाशास्त्र) | 01 | यूजीसी के अनुसार |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन समस्त योग्यता प्रमण पत्रों के साथ समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर ykic1993@gmail.com पर ईमेल करें।

**नाथीराम काम्बोज (चेयरमैन/सचिव)**
**सम्पर्क सूत्र**-9412680746

# घर लौटते कांवड़ियों का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति, राजऋषि पर्यावरण समिति, प्रेरणा क्षेत्र स्तरीय समिति और अनमोल सामाजिक सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने नीलकंठ महादेव सेवा शिविर में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का पुष्प वर्षा और कोल्ड्रिंक वितरित कर जोरदार स्वागत किया।

देहरादून रोड स्थित जेल चुंगी पर आयोजित इस विशाल कांवड़ सेवा शिविर में कांवड़ियों के ठहरने, भोजन और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा और कोल्ड्रिंक वितरण के दौरान बम बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। राजऋषि पर्यावरण समिति की संस्थापक सुषमा बजाज और नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। उन्होंने श्रावण मास में शिव आराधना की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे भक्तों के दुख दूर होते हैं। इस अवसर पर एमपी आनंद, पूनम यादव, मनीष मंगल, अर्चना सिंह, अमित खुल्लर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

वहीं, ओउम शिव कांवड़ सेवा शिविर में अर्चित अग्रवाल को सामाजिक सेवा के लिए अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# हथियार बंद तीन युवकों की घर पर फायरिंग से दहशत

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर क्षेत्र स्थित राधाकृकृष्ण कॉलोनी में सोमवार की सुबह तीन हथियारबंद युवकों ने एक युवक के घर पर फायरिंग कर दी। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। फायरिंग आवाज से पूरी क्षेत्र में ससनसनी फैल गयी तथा कॉलोनी स्थानीय लोग भयभीत हो उठे।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फायरिंग की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कुतुबशेर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गोली चलाने वाले आरोपियों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि घटना की तहरीर वादी द्वारा थाने में दी गई है और प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच किसी पुराने विवाद की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक विवाद के सही कारणों का पता लगाना मुश्किल है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कुतुबषेर पुलिस मौके पर पहुंची ओर घटना की बाबत जानाकरी प्राप्त की। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला, जिसमें पूरी वारदात कैद हो गयी, जिसके आ धार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# बारिश से गरीब का आशियाना क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** तहसील बेहट क्षेत्र की ग्राम पंचायत थापुल इस्माईलपुर अंतर्गत टांडा मानसिंह में दो दिन पहले हुई मूसलाधार बारिश के इकट्ठा हुए पानी से एक गरीब का आशियाना क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित ने तहसील प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई है।

दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित गांव टांडा मानसिंह निवासी सतीश राठौर पुत्र लक्ष्मी चंद ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके किसी तरह अपने बच्चों का भरण पोषण करता है। विगत सोमवार को सुबह हुई मूसलाधार बारिश का पानी उसके घर के पास खाली प्लॉट में भर गया जिससे उसके घर की एक दीवार पूरी तरह ढह गई और घर में रखा हुआ खाने पीने का सामान, गेहूं, कीमती कपड़े आदि सब-कुछ पानी में भीगकर खराब हो गए जिसके कारण दो दिन से वह पड़ोसियों से मदद लें रहा है। उक्त घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अमित कुमार खटाना ने बताया कि पीड़ित के क्षतिग्रस्त घर का मौका मुआयना कर लिया है, रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है। शासनादेश के मुताबिक आर्थिक मुआवजा दिलाया जाएगा।

# कांवड़ियों ने शिवालयों में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर यात्रा की संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिवरात्रि पर्व पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के शिवालयों में दिनभर हर हर महादेव व बम बोल के जयघोष गूंजते रहे। इस दौरान शिवभक्तों के साथ ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे कांवडियों ने भी प्राचीन सिद्धपीठ श्री मन्केश्वर महादेव मंदिर सहित अपने-अपने गांव के शिवालयों में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा संपन्न की।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री मन्केश्वर महादेव मंदिर मानकी और गांव घ्याना स्थित सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हालांकि इस दौरान इंद्रदेव ने भी वर्षा कर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। देर रात से ही दिन भर लंबी-लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने के बाद शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का गंगाजल, दूध, बेलपत्र



आदि से अभिषेक कर परिवार में सुख स्मृद्धि के लिए प्रार्थना की। प्रमुख मंदिरों में भव्य मेलों का भी आयोजन किया गया। एसपी देहात सागर जैन, एसडीएम युवराज सिंह, सीओ रविकांत पराशर और कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर ने भी शिवालयों का भ्रमण कर वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

नगर के बालगिरी महादेव मंदिर, श्री ग्यारहमुखी महादेव मंदिर, शिव चौक स्थित मंदिर, शिक्षक नगर कालोनी स्थित शिव मंदिर, अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर बाबूपुर,



अंबोली, मनोहरपुर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर व प्राचीन शिव मंदिर चंदेना कोली में भी जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की सुबह के लेकर देर शाम तक भीड़ दिखाई पड़ी।

# पं. चंद्रशेखर हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगेः विनय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ब्राह्मण समाज द्वारा वीर बलिदानी चंद्रशेखर की जयंती मनाई गई। युवाओं ने चंद्रशेखर आजाद को पुष्पांजलि अर्पित की कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।



श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण स्थित हनुमंत धाम में हुए कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट संदीप शर्मा ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोली मारकर स्वयं को देश के लिए बलिदान कर दिया। समाजसेवी विनय पंडित ने कहा कि पं. चंद्रशेखर हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक ने कहा कि भारत को आजाद कराने के लिए चंद्रशेखर आजाद समेत अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। महंत संत शर्मा, शुभम वत्स और शुभम त्यागी ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान आचार्य सूर्यांश, आचार्य वासुदेव भारद्वाज, मोहित पंडित, मुकुल, आकाश, सिद्धराज कौशिक, आशीष शर्मा व तुषार शमा आदि मौजूद रहे।

# बारिश से मौसम हुआ खुशगवार, लोगो को गर्मी से मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बारिश से मौसम खुशगवार हो गया जिससे लोगों को राहत मिली। निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को खासी परेशानी भी हुई। वहीं, आकाशीय बिजली गिरने के चलते मजनूवाला रोड स्थित एक ट्रांसमर्र फूंक गया। वहीं बिजलीघर में तीन नबंर के फीडर में फाल्ट होने के चलते सुबह से शाम तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को पेयजलापूर्ति को भी तरसना पड़ा।

बुधवार को 90 एमएम बारिश के साथ सुबह केसमय आकाशीय बिजली गिरने से मजनूवाला रोड स्थित 400 एमएम का ट्रांसफार्मर फूंक जाने से मजनूवाला रोड की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। वहीं सांपला रोड स्थित बिजलीघर में भी फाल्ट होने के चलते सात घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों के इंवर्टर भी जवाब दे गए। इतना ही नहीं पेयजला पूर्ति को भी लोग तरस गए। वहीं बारिश से मौसम भले ही खुश्वार हो गया हो लेकिन बारिश के दौरान निचले क्षेत्रों में में पानी भी जमा रहा। हालांकि जुलाई माह से अब तक जहां 386 एमएम बारिश हुई है वहीं जून और जुलाई में अब तक 786 एमएम बारिश होने से धान और गन्ना किसानों के चेहरे खुशी से खिले हैं। हालांकि बारिश से आम के बागों के ठेकेदारों के माथे पर शिकन जरुर देखी जा रही है। क्योंकि बारिश होने से आम का छिलका काला पड़ रहा है।

# सड़क दुर्घटना में दंपति घायल, पति रेफर

**देवबन्द।** मानकी मंदिर में जलाभिषेक कर वापस घर लौट रहे दंपति की बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में पति पत्नी घायल हो गए।

मनोहरपुर गांव निवासी राजबीर बुधवार को पत्नी के साथ मानकी मंदिर में जलाभिषेक करने गए थे। जब वह जलाभिषेक कर वापस लौट रहे थे। साखन नहर के पास पहुंचने पर बाइक के सामने कुत्ता आ गया। जिस कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसमें दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी चिकित्सक के भर्ती कराया। जहां से राजबीर को नाजुक हालत के चलते मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया।

# बंगलादेशी नागरिको को सुनाई 7 साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एटीएस द्वारा तीन वर्ष पूर्व देवबंद से गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसीजेएम की अदालत ने अवैध रूप से भारत में रहने के मामले में 7 साल कारावास और 80 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में एटीएस ने देवबंद में दो अलग अलग स्थान पर छापेमारी करते हुए बांग्लादेशी नागरिक हबीबुल्लाह मिस्बाह उर्फ नाजिर पुत्र अबु ताहिर निवासी जनपद दिनाजपुर, रंगपुर बांग्लादेश और अब्दुल्लाह उर्फ अब्दुल अवल पुत्र अब्दुल अजीज निवासी गांव चारा खली जिला नागोर को गिरफ्तार किया था। दोनों बांगलादेशी अपनी पहचान छिपाकर देवबंद में रह रहे थे। इनके पास से एटीएस ने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता व शैक्षणिक संस्थान में दाखिले के प्रमाणपत्र बरामद किए थे। पकड़े गए दोनों बांग्लादेशियों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी, पासपोर्ट अधिनियम व विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। तभी से दोनों अभियुक्त देवबंद उप कारागार में बंद थे। इस मामले की एसीजेएम सरदार परविंदर सिंह ने बुधवार को सुनवाई पूरी करते हुए दोनों बांग्लादेशियों को को अलग-अलग 7 धाराओं में दोषी माना और अधिकतम 7 वर्ष कारावास व 80 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियुक्तगणों को आर्थिक दंड न भुगतने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अदालत ने अभियुक्तों के मददगारों पर कार्रवाई न होने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही विवेचकों द्वारा मामले की साधारण ढंग से जांच करने व महत्वपूर्ण कडियों को छोड़ देने को देश की आतंरिक सुरक्षा व मौलिक अधिकारों को प्रभावित करने वाला कार्य बताया। कहा कि अभियुक्तों द्वारा भारत में निवास तथा भारतीय नागरि. कता अवैध रूप से प्राप्त करने हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता, शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला के प्रमाण पत्र प्राप्त किए हुए थे। विवेचगण द्वारा जान बूझकर या लापरवाही से उपरोक्त दस्तावेज तैयार करने वालों के संदर्भ में कोई विवेचना नही की गई। अवैध रूप से घुसपैठ करना व फर्जी दस्तावेज तैयार कर शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला लेना एक संगठित अपराध है।

# कोरियर कंपनी के महा प्रबंधक को भेजा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व भाजपा नेता नितिन गुप्ता ने एक मशहूर कोरियर कंपनी की देवबंद ब्रांच पर गैर जिम्मेदाराना रवैया बरतने और बाहर से आई जीवन उपयोगी दवाइयों की समय पर डिलीवरी न करने का आरोप लगाया है। कोरियर कंपनी के हैड ऑफिस को पत्र भेजकर उक्त ब्रांच को बंद किए जाने की मांग की है।

बुधवार को नितिन गुप्ता ने कोरियर कंपनी के महा प्रबंधक को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें बताया गया है कि बीती 16 जुलाई को उन्होंने रोहतक हरियाणा से जीवन उपयोगी दवाइयां मंगाई थी। आरोप है कि पांच दिन बाद जीवन उपयोगी दवाइयां देवबंद पहुंची लेकिन कोरियर कंपनी के डिलीवरी मैन ने बताए गए स्थान पर दवा डिलीवर करने से मना कर दिया। आरोप है कि जब उसने देवबंद ब्रांच के जिम्मेदारों से इसकी शिकायत की तो उन्होंने ऑफिस आकर डिलिवरी लेने अन्यथा दवाइयां एक घंटे के भीतर वापस भेज देने की बात कही। नितिन गुप्ता ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी उक्त ब्रांच की विभिन्न शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

पत्र में दारुल उलूम क्षेत्र स्थित ब्रांच ऑफिस को बंद करने एवं नगर के मुख्य बाजार में ऑफिस खोलने की मांग की गई है जिससे लोग परेशानी से बच सकें।

# धूमधाम से मनाया श्री 108 अरुण सागर महाराज का 63वां अवतरण दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जैन समाज ने आचार्य श्री 108 अरुण सागर महाराज का 63वां अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा के साथ महाराज श्री के चरणों का पद प्रक्षालन किया गया।

श्री दिगंबर जैन मंदिर सरागवाड़ा में आयोजित हुए कार्यक्रम में आचार्य अरुण सागर महाराज प्रवचन करते हुए कहा कि कर्मों के फल से बचने के लिए व्यक्ति को अच्छे कर्म करने चाहिए। कहा कि आत्मा, आनंद, ज्ञान और शक्ति का भंडार है। उन्होंने सभी लोगों को स्वयं को आत्मा के रूप में पहचानने और अपनी वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए प्रेरित किया। आचार्य श्री ने जैन सिद्धांतों का



पालन करने पर बल दिया। 12वें दिन का भक्तामर विधान महेंद्र जैन द्वारा कराया गया।

इस मौके पर अनुज जैन, सुबोध जैन, अजय जैन, रविंद्र जैन, अंकित जैन, मुकेश जैन, अर्चना जैन, सविता जैन, सुनीता जैन व ऊषा जैन आदि मौजूद रहे।

# मस्जिद में बैठक करने पर उलमा ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने सपा नेताओं द्वारा रामपुर की मस्जिद में बैठक करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मस्जिद को सियासी मंच बनाने पर कहा कि सपा नेताओं ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा बुधवार को जारी बयान में कहा कि रामपुर से सपा सांसद मौलाना मोहिब्बुल्ला नदवी, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कुछ महिला प्रतिनिधियों के साथ एक मस्जिद के अंदर इमाम के मुसल्ले के करीब बैठक की। जिसकी वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस पर दुनियाभर के मुसलमान प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मस्जिद अल्लाह का घर है, इबादत की जगह हैं, इसे सियासी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करना शरीयत के सरासर खिलाफ है। मस्जिदें इबादत, तिलावत और रूहानी सुकून का मरकज हैं न कि सियासी बैठकों का। सांसद मोहिबुल्लाह को इस अमल पर अल्लाह से तौबा करनी चाहिए और जनता के सामने आकर अपने इस गलत कदम के लिए माफी मांग. नी चाहिए।

# फिरोजपुर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सावन मास के महशिवरात्रि के पर्व पर प्राचीन काल फिरोजपुर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के चतुर्दशी का जल अभिषेक करने के लिए कांवड़िये एवं श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड पड़ा। भगवान आशुतोष के जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। श्रद्धालुओं ने घंटो मशक्कत करने के बाद भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुरक्षा की दृष्टि में थाना प्रभारी इंदू वर्मा चौकी इंचार्ज अमित कुमार मिश्रा ने श्रद्धालुओं की लाइन लगाने के लिए मुस्तैद से खड़े रहे। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं

**■ जलाभिषेक शांतिपूर्ण होने पर पुलिस प्रशासन ने ली राहत की सांस**

की कतारे लगनी शुरू हो गई, करीब सुबह 06 बजे इतनी लंबी कतारे थी कि सड़कों पर लाइन लग गई। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की लंबी आयु एवं सुख शांति की प्रार्थना की। वहीं श्रद्धालुओं ने दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा के पत्ते, गंगाजल शहद पीले फूल, मांग, फल एवं प्रसाद चढ़ाया गया। वहीं जलाभिषेक शांतिपूर्ण होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।



# श्रावण शिवरात्रि पर लाखों शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को मेरठ में शिव भक्तों की आस्था देखते ही बनती थी। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय दिखाई दे रहा था। दूर-दूर तक केसरिया परिधानों में कांवड़ियां ही कांवड़िया दिखाई दे रहे थे। बुधवार को भारी बारिश से मौसम खुशनुमा बन गया जिससे शिवभक्तों कांवड़ियों को राहत मिली।

हरिद्वार, गंगौत्री, गोमुख इत्यादि धार्मिक स्थलों से लंबी यात्रा कर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंचे कांवड़ियों ने बुधवार को श्रावण शिवरात्रि पर आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मेरठ के श्री बाबा औघड़नाथ मंदिर के अलावा झारखंडी महादेव मंदिर, विश्वनाथ महादेव मंदिर, धनेश्वर महादेव मंदिर, वामन भगवान मंदिर सदर, धर्मेश्वर महादेव मंदिर बुढ़ाना गेट, बाबा मनोहर नाथ मंदिर सूरजकुंड, धानेश्वर नाथ मंदिर सदर, नीलकंठ महादेव नई मंडी, छीपी टैंक स्थित शिव मंदिर में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखी गई। श्री बाबा औघड़नाथ मंदिर में लाखों कांवड़ियों ने जब भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया तो भोले बाबा के भक्तों के चेहरों पर गजब का उत्साह दिखाई दिया। उस समय ना तो लंबा सफर तय करने की थकान थी और ना ही कोई परेशानी। बुधवार को प्रातः लगभग चार बजे त्रयोदशी एवं चतुर्दशी का संगम होते ही मंदिर प्रांगण जयकारा वीर बजरंगी, हर हर महादेव तथा बोल बम-बम के उद्घगोष के साथ गूंज उठा और शिव भक्त कांवड़ियों ने जलाभिषेक प्रारंभ किया। शिव भक्त कांधे पर कांवड़ लिए श्री बाबा औघड़नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए रात को ही लंबी-लंबी लाइनों में खड़े दिखाई दिए। मिलो का पैदल सफर तय करने के बाद मंदिर पहुंचे कांवड़ियों के चेहरे पर तनिक भी थकान दिखाई नहीं दे रही थी। कांवड़िया पूरे उत्साह के साथ रास्ते में पड़े कष्ट और व्याधियों को पार करते हुए अपने आराध्य का अभिषेक का आत्मिक सुख के भाव सागर में गोते लगाने में जुटे दिखाई दिए।

मंदिर में पहुंचे लाखों कावड़ियों एवं शिव भक्तों से पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति को व्यवस्था बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रावण शिवरात्रि पर शिव भक्तों के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। कांवड़ियों के साथ आम लोगों ने भी भारी संख्या में मंदिरों में जाकर भगवान शिव शंकर को जल चढ़ाया। श्रावण शिवरात्रि को लेकर मंगलवार की रात से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी।

शिवभक्त कांवड़ियों ने मंगलवार देर रात तक हाजिरी का जल चढ़ाया। श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर में पूरी रात श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। भक्तों ने लंबी लाइनों में काफी इंतजार के बाद भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जहां श्री औघड़नाथ मंदिर पर लाखों भक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं शहर के अन्य मंदिरों पर भी कांवड़ियों की भारी भीड़ देखने को मिलीं। अधिकतर कांवड़ियां देर रात तक मंदिर परिसर में पहुंच चुके थे। जहां मंदिर समिति की तरफ से इन भक्तों के ठहरने वह



भोजन की उचित व्यवस्था कर दी गई थी। कांवड़ियों के मंदिर पहुंचने का सिलसिला बुधवार शाम तक जारी रहा। मंदिर समिति के महामंत्री सतीश सिंघल ने बताया की सावन शिवरात्रि पर लाखों कावड़ियों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया कांवड़ियों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था मंदिर समिति की तरफ से करी गई है।

## कड़ी सुरक्षा के रहे इंतजाम

श्री औघड़नाथ मंदिर में प्रशासन एवं मंदिर समिति की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम करे गए थे। अर्द्धसैनिक बलों के साथ विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक व्यवस्था करते दिखाई दे रहे थे। मंदिर पहुंचे सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए औघड़नाथ मंदिर में सीसीटीवी, कंट्रोल रूम बनाया गया था। एटीएस कमांडो का दस्ता मंदिर परिसर में तैनात था मंदिर पहुंचने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को मेटल डिटेक्टर गेट से गुजर कर मंदिर में एंट्री मिली। श्री बाबा औघड़नाथ मंदिर पर ड्रोन से प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी गई। जिलाधिकारी एवं एसएसपी भी मंदिर कंट्रोल रूम में देखे गए। पुलिस की मुस्तैदी के कारण किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी सब कुछ ठीक-ठाक निबटने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## वाहनों के लिए बनाई गई पार्किंग

वाहन पार्किंग के लिए यातायात पुलिस खासी मुस्तैद दिखाई दी। वाहन पार्किंग के पुख्ता इंतजाम रहे तो खोया पाया केंद्र की भी व्यवस्था करी गई जहां पूरे दिन अपने परिवार से बिछड़े बच्चों को पुनः परिवार से मिलाया गया।

जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचने वाली आकर्षक कांवड़ व झांकियां लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान देश भक्ति का संदेश देती कावड़ भी दिखाई दी वहीं कुछ कावड़ अमर शहीदों के नाम भी लाई गई। ऑपरेशन सिंदूर थीम पर बनी कावड़ भी काफी संख्या में मंदिर परिसर में पहुंची।

# चेयरमैन ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** पर्यटन नगरी में शिवरात्रि उत्सव पर नगर के 26 शिवालयों पर नगर पंचायत द्वारा सफाई, लाइट व्यवस्था की गई अखिल विद्या समिति द्वारा शिवभक्तों और कांवड़ियों को सम्मानित किया गया।

चेयरमैन हिटलर त्यागी ने पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत किया और सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया देर रात सैकड़ों कांवड़ियों ने जल चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की नगर वासियों ने भगवान आशुतोष का महारुद्राभिषेक किया जिसके पं राजेश शर्मा ने वैदिक मित्रों से पूजन संपन्न कराया जिसमें मनोज प्रजापति से परिवार यजमान रहे वहीं नगर के शिव भक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक किया।

# आजाद अधिकार सेना के संगठन का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा के निर्देश पर मेरठ मंडल में लिसाड़ी रोड, तारापुरी कैंप कार्यालय पर एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीत ठेकेदार के नेतृत्व में विभिन्न पदा. धिकारियों को मनोयन पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीत ठेकेदार ने अपने संबा. धन में कहा कि हमें राष्ट्रहित में कार्य करना है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी भाइयों के बीच मोहब्बत को बढ़ावा देकर नफरत को समाप्त करना है। इस दौरान जिला अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ बललू सेठ मंडल मीडिया प्रभारी, मोहन देव, महानगर मईनु अंसारी, जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, आदिल खान, महानगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, शाहनवाज जिला अध्यक्ष, चित्रपट सेना, रईस हिंदुस्तानी,दक्षिण अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा नईमुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष, नौशाद आदि को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ एयरटेल की सख्त कार्रवाई

## उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में 97 लाख यूजर्स को रियल टाइम में सुरक्षा की प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल (एयरटेल) ने उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ अपने मिशन में उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है।

देशभर में एआई-आधारित फॉड डिटेक्शन सिस्टम के लॉन्च के तहत एयरटेल ने उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड में मात्र 69 दिनों के भीतर 97 लाख से अधिक यूजर्स को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाया है। यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउजर्स पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फिल्टर करती है। यह तकनीक रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस (साइबर खतरों की तात्कालिक जानकारी) का इस्तेमाल करती है और रोजाना एक अरब से ज्यादा यूआरएल का विश्लेषण करती है। किसी भी खतरनाक साइट पर पहुंचने से पहले यह सिस्टम महज 100 मिलीसेकंड में उसे ब्लॉक कर देता है। उदाहरण के लिए, अगर अलीगढ़ का कोई निवासी यह संदिग्ध संदेश प्राप्त करता है 'आपका पार्सल डिले हो गया है। इसे ट्रैक करेंरू http://www.tracky0urparcell.com और वह व्यक्ति अगर बिना सत्यता जाने, उस लिंक पर क्लिक करता है, तो एयरटेल का एआई-सिस्टम तुरंत सक्रिय हो जाता है। यह उस लिंक को स्कैन करता है और अगर वह संदिग्ध पाया जाता है, तो साइट को ब्लॉक कर देता है। यूजर को एक चेतावनी संदेश पर रीडायरेक्ट कर दिया जाता है, जिसमें लिखा होता है 'ब्लॉक कर दिया गया! एयरटेल ने इस साइट को खतरनाक पाया है!' यह पूरा प्रोसेस रियल टाइम में, एक पल में होता है। इसी तरह के त्वरित इंटरसेप्शन से हर तरह के ऑनलाइन धोखाधड़ी से यूजर्स को बचाया जा रहा है। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, अंकित गोयल, सीओओ उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड, भारती एयरटेल ने कहा कि एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की फ्रॉड से बचाने के लिए समर्पित है। आज, हमें अपना फ्रॉड डिटेक्शन सलूशन पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हर प्लेटफॉर्म पर सभी ग्राहकों की सुरक्षा को बढ़ाने और नये खतरों से सुरक्षा प्रदान करना है।




# हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीती वनडे सीरीज

● **हरमनप्रीत कौर का शतक, क्रांति गौड़ की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को हराया**

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचड्र्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचड्र्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 9-5 में 52 रन देकर छह विकेट लिए। श्रीचरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 64 रन जोड़े। 13वें ओवर में शार्लेट डीन ने प्रतिका रावल (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 18वें ओवर में स्मृति मंधाना (45) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हरलीन देओल के साथ 81 रनों की साझेदारी की। हरलीन देओल (45) के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स के साथ 110 रन की साझेदारी कर भारत के स्कोर को 272 तक पहुंचाया। 46वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 45 गेंदों में (50) को फाइलर ने आउट किया। भारत का पांचवां विकेट पर हरमनप्रीत कौर के रूप में गिरा।

# यह सीरीज जीत निश्चित रूप से हमें आत्मविश्वास देगी: हरमनप्रीत कौर

● **मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी, लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था**

**डरहम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने उतरीं तो उनका पहला रन 11वीं गेंद पर आया। यह 102 रनों की शतकीय पारी की शुरुआत थी,

जिसने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सीरीज जीत की नींव रखी और घर पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश भी दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में जब उन्होंने ग्यारहवीं गेंद खेली तो बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव के जरिये बाउंड्री पाई। धीमी शुरुआत होने के बावजूद वह अपनी लय में आ चुकी थीं। हरमनप्रीत का यह शतक वनडे में उनका सातवां लेकिन पिछली 13 पारियों में पहला 50+ स्कोर था। दौरे की शुरुआत में ईसीबी डेवलपमेंट ग्प के खिलाफ खेले गए 50 ओवर के वार्म-अप मैच में उन्होंने 54 रन बनाए थे और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की दोनों सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 26 रन था, जो उन्होंने चौथे टी20 में बनाया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि हर मैच में मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था। योजना यह थी कि क्रीज पर कुछ समय बिताया जाए और फिर देखा जाए कि आगे क्या होता है। वह रणनीति मेरे लिए कारगर रही। पहली दस गेंदों पर मुझे कोई रन नहीं मिला लेकिन तब मैं खुद से कह रही थी: 'मुझे हार नहीं माननी है, बस टिके रहना है, टीम के लिए टिके रहना है। 82 गेंदों में शतक पूरा करके हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल बनाए गए 87 गेंदों वाले शतक को पीछे छोड़ दिया और महिलाओं के वनडे में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। इस साल की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने 70 गेंदों में शतक लगाया था जो भारत के लिए सबसे तेज शतक है। साथ ही वह 4000 रन पूरे करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी भी बनीं। भारत के लिए संतोषजनक बात यह भी रही कि पूरी बल्लेबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मंधाना और हरलीन देओल ने 45-45 रन बनाए और ऋचा घोष ने 18 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद क्रांति गौड़ ने 52 रन देकर छह विकेट लिए और इंग्लैंड की टीम को 305 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड एक गेंद बाकी रहते 13 रन से विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। गौड़ महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी। हरमनप्रीत ने गौड़ के बारे में कहा कि जब भी वह मैदान पर होती हैं और गेंदबाज़ी कर रही होती हैं तो वह प्रभावशाली रहती हैं। मैं बहुत खुश हूं जिस तरह की गेंदबाजी उन्होंने की और जब भी हमें ब्रेकथ्रू की जरूरत थी, वह टीम के लिए मौजूद थीं। भारत का 318/5 का स्कोर इंग्लैंड में किसी भी मेहमान टीम द्वारा बनाया गया।

## आयरलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की महिला टीम में एमान शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155-14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

# बुमराह के साथ भारतीय टीम के पास जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार हैं: संजय



● **तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टीम के अहम फैसलों पर अपनी राय रखी, जसप्रीत बुमराह की वापसी और आकाश दीप की अनुपस्थिति से लेकर ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग और भारत के गेंदबाजी संतुलन तक।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर अपने विचार साझा किए। बांगर ने कहा कि बुमराह का चौथा टेस्ट खेलना अच्छी खबर है। एक अच्छी बात यह है कि कार्यक्रम में जगह बनाई गई है। खासकर जब आप लगातार दो टेस्ट मैच खेल रहे हों। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है। जसप्रीत बुमराह किसी भी टीम, खासकर भारतीय टीम, की ताकत बढ़ाते हैं। हाल के दिनों में जब भी उन्होंने खेला है, उनका विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड और भी बेहतर हुआ है। उनकी मौजूदगी से, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास जीत और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। क्योंकि सीरीज दांव पर है, इसलिए भारत को इसमें वापसी करनी होगी। अगर कोई गेंदबाज है जो किसी भी परिस्थिति का फायदा उठा सकता है, तो वो बुमराह हैं। कुल मिलाकर, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच काफी आसान रहे। लेकिन इस खास टेस्ट में परिस्थितियां गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल होने की संभावना है। इसका मतलब होगा कि हमें ज्यादा ओवर नहीं फेंकने पड़ेंगे और हम निश्चित रूप से भारत को इंग्लिश बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा बनाम अंशुल कंबोज के चयन की दुविधा पर बांगर ने कहा कि शुभमन और गौतम गंभीर के लिए प्रसिद्ध और अंशुल में से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि उन्होंने टेस्ट मैच शुरू होने तक फैसला टाल दिया है। मेरा मानना है कि प्रसिद्ध ने काफी कुछ किया है, और अगले टेस्ट मैच में आपको एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो मैनचेस्टर की पिच से उछाल हासिल कर सके। मुझे लगता है कि इस खास टेस्ट के लिए प्रसिद्ध से थोड़ा बेहतर हैं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस लीग ट्वंटी-20 वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। आईसीसी के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी-20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं।

## पाकस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाक हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।

# अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि के साथ पंजाब हॉकी लीग की घोषणा

PUNJAB HOCKEY LEAGUE

● **देशभर की आठ आकादमी की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी**

**मोहाली, वार्ता।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने हॉकी पंजाब के सहयोग से जूनियर आयु वर्ग के लिए पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। इस बार कुल पुरस्कार राशि 30 लाख रुपये होगी, जो देश में किसी भी जूनियर स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। राउंडग्लास और हॉकी पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह लीग, जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को व्यापक मैच अनुभव प्रदान करने और उनके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में सार्थक योगदान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। देशभर की आठ अकादमियों की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके पहले संस्करण में पंजाब की छह टीमों ने होम-अवे फॉर्मेट में दो चरणों में भाग लिया था। इस वर्ष का पहला चरण 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मोहाली इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# सिंधु-उन्नति प्री क्वार्टरफाइनल में



● **पीसी सिंधु ने तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21 और 21-17 से जीत हासिल की**

**चांगझोउ, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

# वीनस विलियम्स की प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 वर्षीय विलियम्स ने मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इस जीत के साथ ही विलियम्स 45 साल की उम्र में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा ने (47 साल की उम्र में) 2004 में विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को हराया था। मैच के बाद विलियम्स ने कहा कि इतने लंबे समय के ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना मुश्किल होता है, यह बयां करना मुश्किल है। अगर आप मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से मेहनत करते हैं, तो आपको परिणाम मिल सकता है। मैं यहाँ अपने दोस्तों, परिवार, अपने प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हूँ, जिन्हें मैं प्यार करती हूँ और वे भी मुझे प्यार करते हैं, इसलिए यह एक खूबसूरत रात रही। विलियम्स का अगला मैच गुरुवार, 24 जुलाई को पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच (विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर) के खिलाफ दूसरे दौर का रोमांचक मुकाबला होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को हराया



● **जोश इंग्लिश ने नाबाद 78 और कैमरून ग्रीन ने 56 रनों की तूफानी पारी खेली, एडम जम्पा ने तीन विके ट लिए**

**किंगस्टन, वार्ता।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े।ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए।

● **भारत बनाम इंग्लैंड-चौथा टेस्ट**

# भारत पहली पारी में 150 रनों के पार

● **ऋषभ पंत-साई सुदर्शन खेल रहे, कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल हो चुके आउट**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन था और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 163 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और ऋषभ पंत नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल 12 रन, यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। बेन स्टोक्स, लियम डासन और क्रिस वोक्स को एक-एक विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से टेस्ट डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई। मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर ने फिफ्टी लगाई है। यशस्वी जायसवाल (58 रन) से पहले सुनील गावस्कर (101 रन, 58 रन) ने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बैटर बने। उनसे पहले तेंदुलकर, द्रविड़, गावस्कर और कोहली ऐसा कर चुके हैं। भारतीय बैटर साई सुदर्शन दूसरी पर रनआउट होने से बच गए। 57वें ओवर की चौथी बाल को साई ने पिच पर धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने इन्कार कर दिया। तब तक सुदर्शन आधी पिच पर आ गए थे। उन्होंने बैट छोड़ा और वापस स्ट्राइक की ओर दौड़ पड़े। इस बीच स्टोक्स ने थ्रो मारा, लेकिन नहीं लगा। 53वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऋषभ पंत ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर एक रन लिया और टीम का 150वां रन बनाया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारत ने 71 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन) को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। गिल बेन स्टोक्स की गुड लेंथ से अंदर आती बाल छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन स्विंग को भांप नहीं सके। बाल उनके पैड पर टकराई। फील्ड अंपायर के आउट देने के बाद गिल ने डीआर मांगा, लेकिन थर्ड अंपायर ने फैसला नहीं बदला। 48वें ओवर की तीसरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की लेग स्टंप से बाहर जाती बाल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई, लेकिन वे इसे कैच नहीं कर सके। लियाम डासन ने आठ साल बाद टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ सातवीं ही गेंद पर विकेट ले लिया।

# न्यायालय ने बलात्कार के मामले में वादिया व उसके सहयोगी को माना दोषी

■ तीन दोषियों को न्यायालय ने 17 अगस्त को किया तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सी. जे. एम. न्यायालय ने विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के चार पदाधिकारियों के खिलाफ बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले में आरोप लगाने वाली महिला व ओमपाल पांचाल समेत उसके दो सहयोगियों को दोषी करार देते हुए आगामी 17 अगस्त को न्यायालय में तलब किया।

ज्ञात रहे कि थाना तीतरो क्षेत्रान्तगर्त गांव धानवा निवासी महिला बस्सो के प्रार्थना पत्र पर सन 2020 में न्यायालय के आदेश पर थाना सदर बाजार में विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के चार पदाधिकारियों के खिलाफ धारा 328, 376 डी, 354, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें विवेचक द्वारा न्यायालय में अपनी फाइनल रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें बलात्कार के आरोप बेबुनियाद साबित हो गयें थे।

विवेचना में पाया था कि विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के अध्यक्ष प्रकाशचंद द्वारा ओम पाल पांचाल व उसके साथीयो के खिलाफ कराये गये मामले में दबाव बनाने के लिये ही मुकदमा कराया गया था जिसके चलते विवेचक ने आरोप लगाने वाली महिला बस्सो व उसके पति इरफान उर्फ फाना व उनके सहयोगी ओमपाल पांचाल विश्वकर्मा के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर के न्यायालय में धारा 182 आई.पी.सी. के तहत वाद दायर किया था जिसमे विद्वान न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की दलील सुनने के प्रश्चात बलात्कार का झूठा मामला दर्ज कराने के आरोप में महिला बस्सो, उसके पति इरफान उर्फ फाना व ओमपाल पांचाल विश्वकर्मा को दोषी मानते हुए व विवेचक द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए धारा 182 आई.पी.सी. का सम्मन जारी करते हुए आगामी 17 अगस्त को न्यायालय में तलब किया है।

उधर विश्वकर्मा धीमान कल्याण महासभा के पदाधिकारियों ने न्यायालय के इस फैसलें को सत्य की जीत बताया है तथा समाज में खुशी की लहर है।

## विशेष प्रशिक्षण के लिए मांगे गए आवेदन: बीएसए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल ने कहा कि विशेष प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए आवेदन मांगे गये है।

बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2025-26 में 7 और 14 आयु व्यय वर्ग के चिन्हित आउट ऑफ स्कूली बच्चों को विद्यालय में नामांकन के उपरांत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिए विशेष प्रशिक्षक ( सेवानिवृत अध्यापक/ वॉलिंटियर ) का चयन विद्यालय स्तर पर किया जाना है । जिसमें उन्होंने बताया विस्तृत दिशा निर्देश, चयन किए जाने वाले विद्यालयों की सूची खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहारनपुर में चस्पा की गई है।

### कांग्रेस सांसद ने यात्री ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को लेकर संसद में उठाए सवाल

# जनरल व रिजर्व बोगियों के बीच असंतुलन: इमरान

■ यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि की चुनौती से निपटने के लिए उठाये गये कदम: रेलमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद द्वारा लोकसभा में यात्री ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को लेकर उठाए गए प्रश्न का जवाब देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में भारतीय रेलवे में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई है और इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

रेल मंत्री ने बताया कि वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक कुल 3,349 करोड़ यात्रियों ने रेलवे में यात्रा की, जिनमें से 2,931 करोड़ यात्रियों ने अनारक्षित श्रेणी में और 418 करोड़ ने आरक्षित श्रेणी में यात्रा की। सांसद इमरान मसूद ने बताया कि रेल मंत्री के जवाब से स्पष्ट है कि रेलवे में यात्रा करने वालों में लगभग 87.5 प्रतिशत यात्री बिना आरक्षण के यात्रा करते हैं, जबकि केवल 12.5 प्रतिशत यात्री सीट आरक्षित कराकर सफर करते हैं। यह आंकड़ा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यात्रियों की संख्या के अनुपात में जनरल और रिजर्व बोगियों के बीच भारी असंतुलन है।



मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त यात्री भार को संभालने के लिए रेलवे मौजूदा ट्रेनों की क्षमता बढ़ाने, नई ट्रेनों की शुरुआत करने और विशेष ट्रेनों के संचालन जैसे उपाय करता है। वर्ष 2024 और 2025 के दौरान होली और गर्मी की छुट्टियों में लगभग 13,500 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। वहीं दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान 7,990 विशेष ट्रेनों से करीब 1.8 करोड़ यात्रियों को सेवा मिली। हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान 13 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक 17,300 से अधिक ट्रेनों के माध्यम से लगभग 4.24 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की।

भीड़ को कम करने के लिए सामान्य श्रेणी की सुविधाओं में भी वृद्धि की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही 1,250 सामान्य डिब्बों को लंबी दूरी की ट्रेनों में जोड़ा गया। वर्तमान में रेलवे के कुल 82,200 कोचों में से लगभग 70 प्रतिशत (57,200) गैर-एसी डिब्बे हैं, जबकि 30 प्रतिशत (25,000) एसी कोच हैं। जनरल कोचों की अधिकता के कारण अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

रेलवे ने पूरी तरह गैर-एसी 'अमृत भारत एक्सप्रेस' की शुरुआत की है, जिसमें 8 स्लीपर और 11 जनरल कोच होते हैं। साथ ही, रेलवे की मौजूदा नीति के तहत मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 12 गैर-एसी और 8 एसी कोचों का मानक स्वरूप अपनाया गया है। भविष्य में 17,000 अतिरिक्त गैर-एसी डिब्बों के निर्माण का विशेष कार्यक्रम भी लागू किया जा रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली हमारा पहला मुद्दा: तरुण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध - सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ एवं भारतीय मजदूर संघ के आज 70वेंस्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजनन किया गया। जिसमें संगठन सकारात्मक सोच से साथ स्थापना के वर्षो की यात्रा का बताया गया।



सिचाई विभाग के डा अम्बेडकर संघ भवन में आयोजित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए धर्मेन्द्र धवलहार ने बताया की भारतीय मजदूर संघ गत 70 वर्षो से श्रमिको एवं कर्मचारियों को राष्ट्रवाद के साथ राष्ट्र हित, उधोग हित तथा कर्मचारी हित के साथ कार्य करके शून्य से शिखर तक की यात्रा की है जिसमें राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानकार कर्मचारी, श्रमिक एव कर्मचारी हितों के रक्षार्थ कार्य करना शिखाया जाता है तथा समापन कार्य क्रम के नियमित आज दिल्ली में एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य संघ सरचालक मोहन भागवत हैं। अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य तरूण भोला ने बताया की भारतीय मजदूर संघ में अनेक संघठन सहयोगी के रूप में जुड़े हैं तथा राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ अखिल भारतीय स्तर पर कर्मचारियों तथा 16 राज्यो में पूर्ण रूप से 2 राज्यों में प्रारम्भिक व्यस्था में है तथा राष्ट्रवाद के साथ कार्य करके कर्मचारियों के हितों लिए कार्य कर रहा है जिसमे पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा प्रथम है। जिला महामंत्री आनंद त्यागी ने कहा की गौरवमय क्षणों के हम सभी साक्षी बन रहे हैं। रूपेश कुमार अध्यक्ष अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर ने बताया कि कर्मचारी हितों के लिए सदैव संगठन कार्य करता है। विचार गोष्ठी में मणिक पाल, सौरभ गौतम, पूर्व सिचाई संघ अध्यक्ष राजेश कुमार, सजय कुमार ,सुंदर लाल, लक्ष्य गौड़ आदि कर्मचारियों के साथ साथ दर्जनों कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय मंत्री धर्मेन्द्र धवलहार मुख्य व्यक्ता तरुण भोला अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य एव सन्चालन जिलामंत्री आनंद त्यागी एव इकाई अध्यक्ष रूपेश कुमार ने किया ।

# युवा उद्यमी मयंक अरोड़ा फिर बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महादेव देवस्थानम मंदिर सर्वोपरि ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी में युवा उद्यमी मयंक अरोडा को फिर अध्यक्ष चुना गया।

पेरामाउंट स्थित ट्रस्ट के लिए आज अध्यक्ष मयंक अरोडा के अलावा महासचिव पद के लिए विवेक गर्ग और कोषाध्यक्ष पद के लिए रमेश चंद्र शर्मा का चयन किया गया। अध्यक्ष मयंक अरोड़ा द्वारा बताया गया कि 2 साल पूर्व में भी प्रथम अध्यक्ष का दायित्व उन्हें सौंपा गया था।

मयंक अरोड़ा ने पूरी कमेटी का इस जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद करते हुए हुए कहा कि मेरा सबसे प्रिय काम और जिम्मेदरी भगवान की सेवा करनी है और हमारी पूरी कमेटी इस दायित्व को अधिक से अधिक बेहतर निभाने का प्रयास करेगी।

इस अवसर मंदिर ट्रस्टी पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ बीजेपी नेता और अधिवक्ता गोकर्ण दत्त शर्मा, पूर्व महासचिव प्रवीण गुप्ता, रामजी सुनेजा, पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुनील सूरी, राजेंद्र भारती, मनीष अरोड़ा, सर्वेश पाराशर, आरके धवन, मिथुन भटनागर आदि मौजूद रहे।

## नकदी उड़ाई

**चिलकाना।** अज्ञात चोरों घर पर संदूक में रखी नगदी उठाकर वहां से फरार हो गए, पीडित ने सुबह उठकर देखा तो संदूक में पैसे नहीं थे।

पठेड पुलिस चौंकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरथाकायस्थ निवासी जुबैर पुत्र जफर खा ने बताया है कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसने मेंहनत मजदूरी करके वर्षो में चालीस हजार रूपये एकत्र किये थे जो कि उसके घर के अन्दर एक संदूक में रखे थे। मंगलवार की रात्रि सभी सोये हुए थे कि अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर संदूक से रूपये चोरी कर लिए गए। सुबह के समय जैसे ही वह उठा तो उसने देखा कि संदूक में रखा व आस पास का सामान भी बिखरा हुआ पडा है, तथा संदूक से रूपये गायब हैं। पीडित जुबैर ने थाना चिलकाना की पठेड चौकी में तहरीर देकर अज्ञात चोरों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# पं.चंद्रशेखर के जीवन से लें प्रेरणा: कपिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा पंडित चंद्रशेखर तिवारी जयंती व बालगंगा धर तिलक का जन्मोत्सव पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों महापुरूषों के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान।




मिशन कम्पाउंड स्थित ब्रज ब्राह्मण इंटर कॉलेज में गोष्ठी आयोजन कर चिंतन मनन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि हम सबको पं चंद्रशेखर तिवारी के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शांडिल्य व राष्ट्रीय प्रभारी पं. अंकित शर्मा ने कहा कि आज युवाओं को आवश्यकता है। वीर पराक्रमी देशभक्त के बलिदानों को आदर्श मानकर सत्य और संघर्ष के रास्ते पर चलकर कर समाज और देश का उत्थान करने के साथ-साथ कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव समाज और देश को एक से एक पराक्रम वीर देने का कार्य किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित विजय शर्मा, नकली राम शर्मा, डॉ श्रीकांत शर्मा, श्रीचंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, सोनू शर्मा, दीपक शर्मा, गिरीश शर्मा, अशोक मुद्गल, राकेश शर्मा, सर्वजीत शर्मा, राम कुमार शर्मा, नितिन भारद्वाज, पार्षद गौरव कपिल, श्वेतांक त्यागी, आलोक मिश्रा, अजय कपिल, बाल कृष्ण शर्मा, राजीव शर्मा, पंकज शर्मा, बृजेश शर्मा, अक्षय मित्र, प्रशांत शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एस. पी. शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, जय किशन शर्मा, अक्षय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जलपान में परोसा जाए स्वदेशी नाश्ता:डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों एवं विभागीय बैठकों में जलपान के रुप में अब स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री परोसी जायेगी। इस सम्बंध में महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त को पत्र लिखा है। महापौर ने मंडलायुक्त को भी इस सम्बंध में पत्र लिखकर मंडल के तीनों जिलों में इसे क्रियान्वित कराने का सुझाव दिया है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि प्राय: यह देखा गया है कि निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रमों व विभागीय बैठकों में जलपान के दौरान जो खाद्य सामग्री परोसी जाती है अधिकांशत: वह स्वदेशी नहीं होती। श्रेयस्कर होगा यदि डूडा द्वारा पोषित व संरक्षित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गए उत्पाद बिस्कुट, मिष्ठान व चिप्स आदि देसी नाश्ता उक्त बैठकों व कार्यक्रमों में परोसा जाएं। इससे न केवल स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि वे आर्थिक रुप से भी समृद्ध व सक्षम बनेंगे। महापौर ने इस संदर्भ में मंडलायुक्त को भी पत्र लिखकर मंडल के तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देशित करने का सुझाव दिया है।

# रामेश्वर धाम में पार्थिव शिव पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री रामेश्वर धाम मंदिर में चल रही श्रावण माह की कथा में पंडित योगेश चंद गोंगयाल ने प्रवचनों की अमृत वर्षा की। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर पार्थिव शिव पूजा भी कराई गई।



श्याम नगर कालोनी स्थित मंदिर परिसर में पंडित योगेश गोंगयाल ने कहा कि शिव पुराण कथा का गुणगान सुनकर निश्चित रूप से श्री (समृद्धि), विजय, ऐश्वर्य और अडिग नीति (धर्म) संशय से बाहर निकलकर कर्म को पहचानने वाला व्यक्ति ही सर्वश्रेष्ठ कहलाता है। उन्होंने कहा कि नीलकंठ महादेव जहां स्वयं शिव समुद्र मंथन में विश्व बंद करके आए थे नीलकंठ पर्वत पर भगवान भोलेनाथ ने पार्वती के साथ वास किया और कंठ नीला होने के कारण देवों ने नीलकंठ महादेव के जयकारे लगाकर तभी से बाबा का नाम नीलकंठ महादेव हो गया श्री रामेश्वर धाम मंदिर समिति की आयोजनकर्ता पारुल कश्यप ने महाराज जी को तिलक करके याजमन किया तथा पार्थिव पूजन के उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर योगेश बंसल, सनोज कश्यप अक्षय कुमार अर्चना कश्यप, पप्पू देवेंद्र पंकज जी मिंटू चड्ढा राहुल माहेश्वरी अमित सैनी आदित्य शर्मा जयवीर अमित कश्यप आदि मौजूद रहे।

# शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब, मंदिरों में रही भीड़









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर सहारनपुर के शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रात:काल से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने मंदिरों में जुटने लगे। हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोषों से पूरा नगर शिवमय हो गया।

सुबह से ही महानगर के श्री भूतेश्वर महादेव, श्री बागेश्वर महादेव (चकराता रोड), श्री पातालेश्वर (रानी बाजार), श्री शिव मंदिर (नवीन नगर), श्री हरि मंदिर (आवास विकास), श्री नारायण पुरी मंदिर (गिल कॉलोनी), श्री राधा कृष्ण मंदिर (हकीकत नगर), श्री गौरी मंदिर (रेलवे कॉलोनी), श्री गोपाल मंदिर (क्लासी लाइन) सहित नगर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। सभी ने बारी से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया। श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में विशेष व्यवस्था यहां मंदिर समिति द्वारा बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल-फूल और पंचामृत की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालु विधिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। ओघड़ दानी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आध्यात्मिक प्रवचन राधा विहार स्थित औघड़ दानी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्रात:काल से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** शिवरात्रि पर्व पर सिद्ध पीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया, क्षेत्र में जगह जगह हवन पूजन कर भंडारे आयोजित किए गए।

बुधवार को श्रावण महीने की शिवरात्रि पर तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के ध्याना गांव स्थित सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में हर हर महादेव के नारों के साथ श्रद्धालुओं ने लंबी लंबी कतारों में लगकर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर हरिद्वार से तरह तरह की मनमोहक कांवड़ लेकर महादेव भक्त सिद्धपीठ पर पहुंचे। जिनके द्वारा लाई गई सुन्दर झांकियों को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। इसके अलावा क्षेत्र के गांव सरसीना, गगदासपुर, अंबोली, चन्देना कोली, शाहपुर,साखन खुर्द, तल्हेडी बुजुर्ग में ग्रामीणों द्वारा भूमिया खेड़े पर हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। तत्पश्चात भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रसाद वितरित किया गया।

**नकुड़।** मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। गगनभेदी ष्हर हर महादेव एवं बोल बम के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कांवड़ियों ने सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रद्धाभाव से जल अर्पित करते हुए लोकमंगल, पारिवारिक सुख-शांति एवं जनकल्याण की कामना की। जलाभिषेक के अवसर पर समस्त मंदिर परिसर भक्ति, आस्था एवं पुण्य भावना से सराबोर रहे। कांवड़ियों की सेवा हेतु नगर पालिका परिषद, व्यापार मंडल सहित कई अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा जलपान, विश्राम व प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं, शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क रहा।

## डीएम मनीष के नेतृत्व में चाक चौबन्द रही कांवड़ व्यवस्था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में इस वर्ष की कांवड़ यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की। नगर निकाय, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग एवं यातायात विभाग ने अपने-अपने उत्तरदायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया।

श्रावण माह में लाखों कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी विभागों ने समन्वय के साथ कार्य किया। सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आपूर्ति और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे अहम कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूरा किया गया। इस अवसर पर एक विशेष वीडियो सामने आया, जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धा, समर्पण और सुरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला। वीडियो में प्रशासनिक मुस्तैदी के साथ-साथ श्रद्धालुओं का भावपूर्ण आचरण भी लोगों को प्रेरित कर रहा है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी विभागों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि "कांवड़ यात्रा आस्था का पर्व है, और इसे शांति एवं सुरक्षा के साथ संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी विभागों ने टीम भावना से कार्य कर एक मिसाल पेश की है।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिवरात्रि के त्यौहार पर मंदिरों में हर हर महादेव के उदघोष से गूंज उठे इस दौरान मंदिरों के आस पास पुलिस तैनात रहा।

बुधवार को शिवरात्रि के त्यौहार को परम्परागत रूप से मनाया गया इस अवसर पर भगवान शिव का श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और दूध बेल पत्र चढ़ाए। मन्दिरों में श्रद्धालुओं की लम्बी लम्बी कतार लगी रही। महिलाएं और बच्चे भी भगवान शिव के दर्शनों के लिए मंदिरों में पहुंचे श्रवण माह में शिवरात्रि का बहुत ही महत्व है। लाखों कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लाकर अपने गांव गांव और क्षेत्र के शिवालयो में जाकर जलाभिषेक करते हैं शिवरात्रि पर ब्रह्मा मुहूर्त से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लम्बी लम्बी कतार लग गई थी। । सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिरों के आस पास पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ मुनीश चंद्र, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह पुलिस बल के साथ नगर सहित देहात





में मंदिरों के आस पास गश्त करते रहे।

**सरसावा।** श्रवण मास की महाशिवरात्रि पर मंदिरों भोर में ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगनी शुरू हो गई थी मंदिर परिसर में भोलेनाथ के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। बनखंडी महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के गांव झरौली, शाहजहांपुर, बिन्नखेड़ी, हैदरपुर, कुतुबपुर, काजीबास ढीक्का कला, गदरहेड़ी, कादरगढ़, रायपुर सहित आदि गांव के श्रद्धालु सुबह से कतारों के बावजूद जलाभिषेक को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में पेयजल, प्रसाद वितरण और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी गई। बनखंडी महादेव मंदिर पर श्रदालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल मौजूद रहा।

**चिलकाना।** पवित्र सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में कांवड़ियों और भक्तों ने भोले बाबा के शिवलिंग पर गंगा जल व दूध से अभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरों में कांवडियों व शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गयी। इस दौरान बम बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान हो उठे।

श्रावण माह की शिवरात्रि पर क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। क्षेत्र के शिव मंदिरों में मंगलवार की रात से ही कांवड़िया व शिव भक्त एकत्र होने शुरू हो गये थे तथा सुबह साढे चार बजते ही जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया। चिलकाना बस स्टैंड स्थित शिव मन्दिर, सुल्तानपुर नगर के कंकरो वाला मन्दिर, बाजार वाला शिव मन्दिर व अन्य मंदिरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम चोरीमंडी, आदि शिवालयों में भक्तों ने श्रद्धा भावना से जलाभिषेक कर मन्नते मांगी।



**तीतरों।** हर हर महादेव के उद्घोष के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में जलाभिषेक किया। बरसी के ऐतिहासिक शिव मंदिर पर पहुंचे सैकड़ों कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक किया। कस्बे के ज्योति वाला शिव मंदिर, श्रीसेन भक्त शिव मंदिर, टपकेश्वर महादेव मंदिर, बाजार वाला शिव मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर में जलाभिषेक किया गया। बरसी के ऐतिहासिक शिव मंदिर पर सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कल पहुंचे कावड़ियों ने मंदिर में जलाभिषेक किया।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
गुरुवार, 24 जुलाई 2025

# संसद में फिर गतिरोध

जैसीकि उम्मीद थी कि बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में कोई काम नहीं हो सका। सोमवार व मंगलवार की तरह ही विपक्षी दलों ने हंगामा किया। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपरान्ह दो बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी चाहते थे कि गोवा की जनजातियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष अपनी इसी बात पर अड़ा था कि बिहार में चुनाव आयोग की मतदाता सूची और ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा हो। इसी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख श्री तेन्नेटी ने सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी। ऐसा ही नजारा राज्यसभा में भी देखने को मिला। वहां भी दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्ष नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराना चाहता था। 25 सदस्यों ने इस पर अपनी राय जाहिर कर मांग भी की थी। विपक्ष चाहता था कि सभी विधायी कामकाज रोककर बिहार चुनाव आयोग पुनरीक्षण पर चर्चा होनी चाहिए।

भाकपा महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रही थी। वहीं आप दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी का मसला उठा रही थी। उस पर उप सभापति ने कहा कि ये सभी नोटिस अनुरूप में नहीं हैं और इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और वहां भी दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। गुरुवार को संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, लेकिन उसमें स्थिति किसी तरह की बदलेगी ऐसा नहीं लगता, बल्कि लगता यह है कि संसद का पूरा मानसून सत्र ही हंगामे की नजर हो सकता है, क्योंकि न ही विपक्ष और न ही सत्ता पक्ष अपनी बातों से पीछे हटता दिखाई दे रहा है। सब अपना अड़ियल रुख दिखाते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि जैसे किसी की भी इच्छा यह नहीं है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चले। संसद सत्र बुलाने से पूर्व जो सर्वदलीय बैठक हुई थी, वह बिल्कुल बेनतीजा होती दिखाई दे रही है। यह देखना भी कितना अजीब लगता है कि जब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है तो तमाम राजनीतिक दल संसद की बैठकों के लिए अपना पूरा सहयोग देते दिखाई देते हैं।

सरकार भी विपक्ष की प्रशंसा करती है और अपनी तरफ से पूरा भरोसा विपक्ष को दिलाती है कि वह विपक्षी दलों को तमाम मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार होगी, लेकिन जब सत्र शुरू होता है, तब नजारा दूसरा ही देखने को मिलता है। बात केवल चालू सत्र की नहीं बल्कि इसके पीछे अब संसद का पुराना अनुभव यही बताता है कि अब चर्चाओं में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है। यह देखना भी दिलचस्प है कि संसद की कार्यवाही बाधित होने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही एक-दूसरे को दोषी ठहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि दोनों ही पक्षों की जिम्मेदारी होती है कि संसद की कार्यवाही चलाने में वह पूरा सहयोग दें, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## सीजफायर कराना ट्रम्प का काम नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर कराया, वह कौन हैं, यह उनका काम नहीं है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुप हैं, उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे, कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई





एम. इमरान

विश्वभर में प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदियों, जंगलों और यहां तक कि हमारे शरीर में सूक्ष्म कणों के रूप में जमा होता जा रहा है। प्लास्टिक की विशेषता यह है कि यह सैकड़ों वर्षों तक प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। वैज्ञानिक वर्षों से इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे फफूंद की वीडियो और खबरें वायरल हो रही हैं, जो प्लास्टिक को खा सकता है। मेरे कई सहयोगियों ने मुझे वह वीडियो भेजा और जानना चाहा कि क्या यह सच है।

दरअसल प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की कहानी 2011 से शुरू होती है जब एल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने इक्वाडोर के अमेजन वर्षावनों में एक खोजी अभियान के दौरान Pestalotiopsis microspora नामक एक विशेष प्रकार के फफूंद की पहचान की। (जबकि इस फंफूद की खोज वर्ष 1880 में कार्लो लुइगी द्वारा की जा चुकी थी)। वर्ष 2011 में यह खोज हुई कि यह फफूंद एकमात्र ऐसा जीव था जो बिना ऑक्सीजन के भी पॉलीयूरेथेन प्लास्टिक को अपना पोषण बना सकता था। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया और इस दिशा में गहन शोध शुरू हो गया।

फफूंद की यह क्षमता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्लास्टिक मुख्यत: पॉलीमर से बना होता है, जो अत्यंत जटिल और टूटने में कठिन होता है, लेकिन यह फफूंद प्लास्टिक के पॉलीयूरेथेन यौगिकों को तोड़कर उन्हें सरल कार्बनिक यौगिकों में बदल सकता है, जिन्हें वह अपनी वृद्धि और जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए उपयोग करता है। इससे यह संकेत मिला कि यदि इस जैविक प्रक्रिया को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सके, तो यह भविष्य में प्लास्टिक कचरे के निपटान का एक पर्यावरण-मित्र तरीका हो सकता है।

इस खोज के बाद अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्लास्टिक खाने वाले और कई प्रकार के फफूंद और जीवाणु खोजे हैं। 2017 में जापानी वैज्ञानिकों ने Ideonella sakaiensis नामक बैक्टीरिया की पहचान की जो PET Polyethylene Terephthalate नामक प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम था। इसी तरह नीदरलैंड, भारत, चीन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने ऐसे कई अन्य सूक्ष्मजीवों की पहचान की है जो विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को धीरे-धीरे पचाने की क्षमता रखते हैं।

फफूंद के जरिए प्लास्टिक को नष्ट करने के इस तरीके के अनेक लाभ हो सकते हैं। सबसे पहला और मुख्य लाभ यह है कि यह एक प्राकृतिक और जैविक प्रक्रिया है, जिससे हानिकारक गैसों या अवशेषों का उत्सर्जन नहीं होता। पारंपरिक तरीकों जैसे प्लास्टिक को जलाने से जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन फफूंद की सहायता से यह प्रक्रिया स्वाभाविक ढंग से हो सकती है और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

दूसरा लाभ यह है कि यह विधि सस्ती और टिकाऊ है। यदि यह तकनीक व्यापक स्तर पर लागू की जाती है, तो कचरा प्रबंधन की लागत में भारी कमी आ सकती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक बड़ी समस्या है, वहां यह तकनीक वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, यह फफूंद नमी और अंधेरे में भी सक्रिय रहता है, जिससे इसे भूमिगत लैंडफिल क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा बड़ा लाभ यह है कि यह विधि माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने में भी उपयोगी हो सकती है। आजकल माइक्रोप्लास्टिक समुद्रों से लेकर पीने के पानी तक में पाए जा रहे हैं। यह मानव शरीर में प्रवेश करके कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अगर यह फफूंद इन सूक्ष्म कणों को भी तोड़ सकती है, तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

हालांकि, जहां इस तकनीक के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ नुकसान और चुनौतियां भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली चुनौती यह है कि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। प्राकृतिक रूप से फफूंद द्वारा प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट करने में महीनों या वर्षों तक लग सकते हैं। इस वजह से यह बड़े पैमाने पर तत्काल समाधान नहीं हो सकता।

दूसरी चुनौती यह है कि सभी प्रकार के प्लास्टिक को यह फफूंद समान रूप से नहीं तोड़ सकता। जैसे पॉलीयूरेथेन को Pestalotiopsis microspora द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन अन्य प्रकार के प्लास्टिक जैसे PVC, HDPE, LDPE को नष्ट करने के लिए अलग-अलग प्रकार के सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। इससे इस तकनीक को व्यावसायिक स्तर पर लागू करना जटिल हो जाता है।

तीसरी चुनौती यह है कि इन फफूंदों को नियंत्रित वातावरण में पनपाना और उनकी वृद्धि को बनाए रखना आसान नहीं है। अगर इसे खुले में उपयोग किया जाए, तो अन्य जीवों या पर्यावरणीय परिस्थितियों से यह प्रभावित हो सकता है। साथ ही, अगर ऐसे फफूंद अनियंत्रित रूप से फैलने लगें, तो यह अन्य जैविक तंत्रों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह भी है कि इन फफूंदों से प्लास्टिक का जो अपघटन होता है, उसके उप-उत्पाद क्या होते हैं और वे पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित हैं। यदि ये उप-उत्पाद विषैले या हानिक. ारक हों, तो यह तकनीक समस्या का समाधान करने की बजाय नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। इसलिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों का परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि फफूंद आधारित प्लास्टिक अपघटन की तकनीक एक नवाचार है जिसकी संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यदि इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए और अधिक प्रभावी एवं तेजी से कार्य करने वाले सूक्ष्मजीव विकसित किए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। कुछ देशों ने पहले ही इस दिशा में प्रयोग शुरू कर दिए हैं। उदाहरण के लिए नीदरलैंड और जर्मनी में कुछ प्रयोगशालाओं में जैव-रिएक्टर तैयार किए जा रहे हैं जहां इन फफूंदों को नियंत्रित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट में मिलाकर उनका निष्कासन किया जा रहा है। भारत में भी कुछ निजी स्टार्टअप कंपनियां और IIT संस्थान इस तकनीक पर अनुसंधान कर रहे हैं और जल्द ही इसके प्रारंभिक मॉडल सार्वजनिक किए जा सकते हैं।

भविष्य में यह संभव है कि लैंडफिल साइट्स पर फफूंद आधारित अपघटन संयंत्र लगाए जाएंगे, जहां प्लास्टिक कचरे को संग्रह करके जैविक रूप से नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही, फफूंद को भोजन का माध्यम बनाकर इससे जैव ईंधन, खाद या अन्य उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यह भी मानते हैं कि यदि जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इन फफूंदों को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, तो यह कई प्रकार के औद्योगिक अपशिष्टों को भी नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि इस तकनीक के नैतिक और पर्यावरणीय पक्षों पर भी विचार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूंद प्रकृति में अनियंत्रित होकर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचाएं। साथ ही, जैविक विविधता की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी नई तकनीक के कारण मौजूदा संतुलन न बिगड़ जाए। यह मानव जाति को उसके द्वारा बनाए गए सबसे जटिल प्रदूषण प्लास्टिक से छुटकारा दिलाने की एक आशा की किरण है। इसके हर पहलू का गहन परीक्षण करें और फिर इसे धरातल पर उतारें। जब तक यह तकनीक पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती, तब तक हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर प्लास्टिक का प्रयोग कम करना ही सबसे व्यावहारिक उपाय है। पुन: प्रयोग, पुन: उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही, सरकारों, उद्योगों और आम जनता को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप सकें।

अंत में यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की खोज नई नहीं है इस पर वर्षों से शोध हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो भ्रमित करने वाले हैं जिसमें कहा जा रहा है कि अब दुनिया से सारे प्लास्टिक कचरे का निपटारा हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव अपराध और राजनीति

**चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा। एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा।**



निर्मल रानी

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गांधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।


जब भी बिहार का चुनाव करीब आता है मीडिया में गुंडाराज और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे गुंडा राज सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की गरज से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नीतीश सरकार के शासन में बेखौफ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर गुंडाराज को संरक्षण देने की बात हो परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालांकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिए जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था।

जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुए , बेखौफ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गए इससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी था। कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को सरकारी अपराधी करार देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है, परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित खबर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नकली दवा मामले में दोषी ठहराया है। खबरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को मौत का सौदागर कह रहा है तो कोई उन्हें नकली दवा माफिया करार देकर उसे बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सजा और 20,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऑनलाइन आलोचना से स्वास्थ्य एजेंसियों पर घटता विश्वास



डिजिटल दौर में जन स्वास्थ्य एजेंसियों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। उन्हें अब सिर्फ बीमारियों के प्रसार से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों और व्यक्तिगत हमलों से भी निपटना पड़ रहा है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि यूएस के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन जैसी स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई नकारात्मक टिप्पणियां लोगों के भरोसे को तोड़ रही हैं, उनमें गुस्सा बढ़ा रही हैं।

हाल ही में CDC ने टेक्सास और न्यू मेक्सिको में खसरे के प्रकोप को लेकर एक चेतावनी ट्विट की थी, जिसमें यात्रियों को टीका लगवाने की सलाह दी गई थी। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन कई लोगों ने इस पर शक जताया, साजिश के आरोप लगाए और यहां तक कि आपराधिक व्यवहार का इल्जाम तक लगाया। ऐसी तीखी प्रतिक्रियाएं अब आम हो रही हैं। इसका असर समझने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 6800 अमेरिकियों पर अध्ययन किया। प्रतिभागियों को एक काल्पनिक सोशल मीडिया पोस्ट दिखाई, जिसमें CDC जैसी संस्था ने एक दुविधामई स्वास्थ्य सलाह दी थी, जैसे सबको स्लीप एप्निया की जांच करवाने की सलाह। इसके बाद उन्हें आलोचनात्मक टिप्पणियां दिखाईं, जो असली ऑनलाइन टिप्पणियों की तरह बनाई गई थीं। इन आलोचनात्मक टिप्पणियों की प्रकृति अलग-अलग थी। कुछ में सलाह से सिर्फ असहमति जताई थी, तो कुछ में संस्था की क्षमता पर या ईमानदारी पर सवाल उठाया था, जैसे राजनीतिक हित या छुपे हुए इरादे होना।

अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। महज एक नकारात्मक टिप्पणी - भले ही हल्की-फुल्की ही क्यों न हो - भी लोगों का भरोसा कम कर देती है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वे टिप्पणियां करती हैं जो संस्था की सच्चाई और नैतिकता पर हमला करती हैं। ऐसी टिप्पणियां न सिर्फ भरोसा घटाती हैं, बल्कि लोगों में गुस्सा पैदा करती हैं और उन्हें उसे साझा करने, भावनात्मक प्रतिक्रिया देने या जवाब देने के लिए उकसाती हैं। दिलचस्प बात यह रही कि यह असर राजनीतिक सोच पर निर्भर नहीं था। चाहे व्यक्ति रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट, संस्था की ईमानदारी पर हमला देखकर दोनों ने समान प्रतिक्रिया दी। इससे पता चलता है कि भरोसे में कमी सिर्फ राजनीति का मसला नहीं, बल्कि इंसानों की सामान्य प्रवृत्ति है। यह अध्ययन दर्शाता है कि हर तरह की आलोचना का असर एक जैसा नहीं होता - किस तरह की आलोचना की जाती है, इससे बहुत फर्क पड़ता है।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक जेम्स ड्रूकमैन का कहना है कि गुस्से जैसी भावनाओं को सर्वेक्षण के जरिए मापना मुश्किल है, जो बात एक व्यक्ति को गुस्से जैसी लगे, वह दूसरे को चिंता जैसी लग सकती है। फिर भी, इस अध्ययन में जो पैटर्न सामने आया है, वह चिंता की बात है। स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से सफाई देने पर भी लोगों का भरोसा पहले जैसा नहीं लौटा। शोधकर्ता एवं मनोरोग विशेषज्ञ जोनाथन ली का मानना है कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग तुरंत सही बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते - उन्हें पहले थोड़ा शांत होने के लिए समय की जरूरत होती है। इस अध्ययन से यह बात साफ होती है कि पारदर्शिता यानी ईमानदारी बहुत जरूरी है। सलाह है कि स्वास्थ्य एजेंसियों को यह स्वीकार करने में हिचकना नहीं चाहिए कि उन्हें हर सवाल का जवाब नहीं पता। खासकर महामारी जैसी तेजी से बदलती परिस्थितियों में यह ईमानदारी भरोसा बढ़ा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**

## लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण



हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरुआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है, तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरुआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ-पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**लिवर की समस्या**- आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं।

हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार-बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश के चलते 13 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेता. वनी जारी की है। एनडीएमए ने बताया है कि जून के अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है।

### सीरिया पर प्रतिबंधों को लेकर तुर्की में वार्ता

**अंकारा।** तुर्की में अमेरिका के वित्त विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल तुर्की, सीरिया और इराक के अधिकारियों के साथ सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। इस बातचीत में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में दमिश्क का समर्थन करने के लिए अमे. रिका की तत्परता पर ज़ोर दिया गया है।तुर्की के इस्तांबुल स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

### ज़ेलेंस्की को अपने गुट की जांच का डर: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूक्रेन ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनी संस्थाओं की शक्तियों में कटौती कर दी है। सरकार के इस कदम को कठोर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के भ्रष्टाचार विरोधी निकायों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों को जल्दबाजी में बनाने का कारण संभवत: यह है कि यूक्रेन का राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उनके करीबी लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर चुका है। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी दोनों देशों के बीच वीजा व्यवस्था

# चीन के साथ रिश्तों में आई गरमाहट

### आज से आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस, दूतावास ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।




भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट लेना होगा। इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा।

- इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया
- चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं

ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था। जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों उनके परिवारों और अन्य विदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवे. दन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

### भारत न होता, तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता, तो हमारी इकोनामी बर्बाद हो जाती। नशीद ने कहा कि कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफाल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विदेशी कर्ज बढ़ गया था और डालर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालद. ीव को डिफाल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है।

# बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

### भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अब बिना वीजा के 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं। ये जानकारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में सामने आई। भारत ने वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया है। भारत की रैंकिंग में ये बदलाव पिछले 6 महीनों में आया है।

यह रैंकिंग दुनिया भर के पासपोर्ट को उनके वीजा-फ्री यात्रा की संख्या के आधार पर तय की जाती है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा देता है। 190 देशों के साथ जापान और साउथ कोरिया दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से हैं, जिनके नागरिक 189 देशों में

- सिंगापुर पहले स्थान पर, पाक 96वें स्थान पर, अफगानिस्तान सबसे नीचे

वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं। सिंगापुर हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पहले स्थान पर है। इसके पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। 2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगातार दूसरी बार सुधार दर्ज किया है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था, और इस बार 8 पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा है। हालांकि, वीजा-मुक्त यात्रा की संख्या में कमी आई है। 2024 में भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह संख्या 59 है। फिर भी, रैंकिंग में सुधार का कारण दूसरे देशों के पासपोर्ट के तुलना में बेहतर प्रदर्शन है।



मुंबई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बारिश के कारण जाम में फंसे वाहन।

### गाजा में राहत सामग्री वाले ट्रकों के फंसे होने पर इजरायल ने जताई हैरानी

**यरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने गाजा में राहत सामग्री के वितरण में आ रही दिक्कतों पर हैरानी जताई है। शोशानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि 950 ट्रक गाज़ा की क्रॉसिंग पर फंसे हुए हैं। उन्होंने लिखा कि यह तब हुआ जब इजरायल ने सहायता पहुंचाने में मदद की। इतनी सहायता सामग्री क्यों अटकी हुई है? गौरतलब है कि 100 से ज़्यादा गैर सरकार संगठनों (एनजीओ) ने कहा है कि गाजा में रोजाना औसतन 28 ट्रकों के जरिये सहायता सामग्री वितरित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने कई बार कहा है कि उसे क्रॉसिंग पॉइंट्स के अंदर से गाज़ा के चालकों के साथ आने वाली आपूर्ति को इकट्ठा करने और सैन्य क्षेत्रों से होकर ले जाने के लिए आवश्यक इज़राईली अनुमति प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रम्प ने की जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ एक बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की है। ट्रम्प ने कल रात ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमने जापान के साथ एक बड़ा समझौता पूरा किया है, शायद अब तक का सबसे बड़ा समझौता। इस समझौते के तहत अमेरिकी आयातक देश को निर्यात किए जाने वाले जापानी सामानों पर 15 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क का भुगतान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश भी करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका को 'मुनाफे का 90 प्रतिशत' मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये निवेश कैसे काम करेंगे या मुनाफे की गणना कैसे की जाएगी।

# ट्रम्प ने 25वीं बार दोहराया भारत-पाक युद्ध मेरे कहने पर रुका

### बोले: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं। इससे पहले ट्रम्प ने 19 जुलाई को 5 जेट



- दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25वीं बार क्रेडिट लिया

गिरने का दावा किया था। तब भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। दूसरी बार कहा: भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेता. वनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के आप. रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था। 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।

# पृथ्वी की गति तेज, दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

कैलिफोर्निया। इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है। इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एडं रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया।

एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है।

यह औसतन 24 घंटे या 86400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है

- एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा

कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है-यह अंतर केवल मिलीसेकंड का है जिसका रोजमर्रा के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

ये अंतर लंबे समय में कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार पर असर डाल सकते हैं, यही कारण है कि 1955 में शुरू की गई परमाणु घड़ियों का उपयोग कर समय के सबसे छोटे बदलाव को भी दर्ज कर लिया जाता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वाई2के समस्या जैसी बात सामने आ सकती है, जिससे कभी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ठप कर देने का खतरा पैदा कर दिया था। परमाणु घड़ियां एक निर्वात कक्ष में रखे परमाणुओं के दोलनों की गणना करके 24 घंटों की गणना अत्यंत सटीकता से करती हैं। ये समय-निर्धारण के लिए वैश्विक मानक है, साथ ही यह वह समय भी है जिस पर हमारे सभी फ़ोन और कंप्यूटर सेट होते हैं।



पिछले साल, 05 जुलाई को पृथ्वी ने अब तक का सबसे छोटा दिन देखा, जो 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम था। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ़ ओशनोग्राफी में भूभौतिकी के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में एक शोध भूभौतिकीविंद् डंकन एग्न्यू ने कहा कि 1972 से हम थोड़े तेज़ दिनों की ओर बढ़ रहे हैं।

# इमरान के बेटों से मिले ट्रम्प के दूत

### ग्रेनेल ने पाक के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार दिया

- आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा: रिचर्ड ग्रेनेल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की।

ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना



होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है। पहले भी उन्होंने न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के नेता थे, अमे. रिका और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर थे। उन्होंने खान को एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति और समझदारी से बात करने वाला नेता बताया, जिनका ट्रम्प के साथ अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा, इसे 'झूठे आरोपों' और 'भ्रष्टाचार के दावों' का मामला बताया।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द आस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने के शक में गिरफ्तार किया है। इजरायली पब्लिक ब्राडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईइडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी।

केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी एक्ट करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह

- महिला आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी

महिला 'जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी' है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटार्नी आफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजरायली पीएम पर हमला हुआ है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट